संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 07 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 07 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।




## वह समय दूर नहीं जब देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी: पीएम मोदी

● प्रधानमंत्री ने नए जम्मू रेलवे मंडल और चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल का किया उद्घाटन

**विकास पर बल**

**आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। अब वह समय दूर नहीं है जब जल्द ही देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्रर में एक बड़ा बदलाव आया है। आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्ट्र्कचर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। आज के इस कार्यक्रम में भी इसी विजन की झलक दिखाई दे रही है। मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले उन्होंने एक वीडियो देखा, जिसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल के तौर पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि यह देखकर सभी देशवासियों को अच्छा लग रहा है। मोदी ने कहा कि यह तो बस शुरूआत है वह समय दूर नहीं जब देश में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। इसके अलावा, हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार किया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए

### वित्त मंत्री ने प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व विचार विमर्श किया

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्रर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ नौवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के संबंध में हुई। बजट-पूर्व परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट के बारे में ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझना था। इंफ्रास्ट्रक्रर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ यह विचार-विमर्श सरकार की वार्षिक बजट-पूर्व परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतियों को आकार देने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए विविध क्षेत्रों से इनपुट एकत्र करना है।



अमित शाह ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रकाब गंज में मत्था टेका।

### बीजापुर नक्सली हमले पर शाह ने कहा- जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों की शहादत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे। गृहमंत्री शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के दो मरीज मिले



**सतर्क**

**कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक अस्पताल में एक बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के दो मरीज सामने आए हैं। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक अस्पताल में एक बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हैरानी यह है कि इस बच्चे का कोई यात्रा इतिहास नहीं है। चीन में ऐसे मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच यह भारत का पहला मामला है। दूसरा मरीज भी इसी राज्य में मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज इस वायरस के दो मरीजों के मिलने की पुष्टि की। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) इस बीमारी को लेकर अलर्ट मोड पर है। आईसीएमआर ने नियमित निगरानी के जरिए कर्नाटक में इस वायरस के दो मरीजों का पता लगाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत है। देश में सांस संबंधी तकलीफों के मामलों में कोई असामान्य उछाल नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इससे पहले शनिवार को कहा था कि देश निगरानी तंत्र के साथ श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रबंधन के लिए पूरी तरह तैयार है।मंत्रालय ने पिछले कुछ हफ्तों में चीन में श्वसन संबंधी मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर चर्चा करने के लिए संयुक्त निगरानी समूह की बैठक आयोजित की थी। हालात पर सभी उपलब्ध चैनलों के माध्यम से बारीकी से नजर रखी जा रही है।

### आदर्श विचार



"सफलता उसी व्यक्ति को मिलती हैं, जिसका स्वयं की इन्द्रियों पर बस हो।- भगवत गीता"

### मन की बात



"बाहरी प्रकृति केवल आंतरिक प्रकृति बड़ी है।"

-स्वामी विवेकानंद

### प्रेस कान्फ्रेंस में रो पड़ीं मुख्यमंत्री आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने पिता के बारे में भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी की आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा की और इसे दुखद बताया। सोमवार को संवाददाता सम्मेलन के वार्ता के दौरान आतिशी भावुक हो गईं और लगभग रो पड़ीं। दरअसल, कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से आतिशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके पिता के बारे में एक आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया।

### थमी नहीं भारतीय मुद्रा में गिरावट, रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** डॉलर इंडेक्स की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया आज रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट का सिलसिला पिछले साल नवंबर से ही जारी है। इस कारण डॉलर की कीमत 86 रुपये के करीब पहुंच गई है। पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भारतीय मुद्रा की रिकॉर्ड लो क्लोजिंग 85 .80 रुपये प्रति डॉलर रही थी।

## लोहगढ़ में जल्द बनेगा बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक



**फैसला**

**केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री की संयुक्त अध्यक्षता में लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। समिति का गठन यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में बनने वाले विश्वस्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के विकास की देखरेख के लिए किया गया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की प्रगति की निगरानी के लिए लोहगढ़ परियोजना विकास समिति का गठन किया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष हैं। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की स्थापना की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इस विश्वस्तरीय विरासत स्मारक का जल्द से जल्द निर्माण सुनिश्चित कर इसे जनता को समर्पित किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का निर्माण मुख्य रूप से उनकी जीवनी पर केंद्रित होना चाहिए, जिसमें उनकी बहादुरी और बलिदान की वीरगाथा की झलक हो।

## आतिशी की गिरफ्तारी की तैयारी: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच सियासी बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर उसकी वादाखिलाफी को लेकर हमलावर हैं, वहीं आम आदमी पार्टी भी वोटर लिस्ट "समरी रिवीजन" तथा अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों पर हमलावर है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के



पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर मुख्यमंत्री आतिशी की गिरफ्तारी और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के यहां अगले कुछ दिनों में सीबीआई रेड की आशंका जताई है। केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "मैंने कुछ दिन पहले बोला था कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तार किया जाएगा और आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं पर रेड होगी। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक मनीष सिसोदिया के घर अगले कुछ दिनों में सीबीआई रेड होगी।" केजरीवाल ने दावा किया, "भाजपा दिल्ली विधानसभा का चुनाव हार रही है। ये गिरफ्तारियां और रेड उनकी बौखलाहट का नतीजा है।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों की गाड़ी पर बड़ा नक्सली हमला, 9 जवान शहीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के कुटरू मार्ग के बेदरे में जवानों को लेकर जा रहे एक वाहन को सोमवार को नक्सलियों ने निशाना बनाया, जिसमें 09 जवानों के बलिदान और घायल होने की खबर है। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने नक्सलियों के सुरक्षाबलों का वाहन उड़ाने की पुष्टि की है। नक्सलियों ने सुबह आईईडी विस्फोट कर जवानों के वाहन को उड़ा दिया। इसमें 9 जवानों के बलिदान और कुछ जवानों के घायल होने की बात बतायी जा रही है। बताया जा रहा



है कि रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान लौट रहे थे। जब नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक पिकअप वाहन में सवार हो गए थे। बताया गया है कि वाहन में लगभग 20 जवान सवार थे। दुर्घटना की सूचना के बाद बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव घटनास्थल की ओर निकल गए हैं। घायल जवानों को वहां से निकालने को बचाव अभियान प्रारंभ कर दिया गया है।

**दुखद**

**रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान आज लौट रहे थे। जब नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया**

**इतना जोरदार था धमाका, 15 फीट ऊपर पेड़ पर लटके मिले गाड़ी के पुर्जे; सात फीट हुआ जमीन पर गड्ढा**


बीजापुरः छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की तरफ की जा रही कार्रवाई से बौखलाए माओवादियों ने आज एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। एक ड्राइवर समेत नौ जवान बलिदान हो गए। धमाका इतना जोरदार था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी के पुर्जे 15 फीट ऊपर जाकर पेड़ पर लटके नजर आए। आईईडी विस्फोट में लगभग पांच फीट गहरा गड्ढा हो गया। धमाके में जवानों के शव भी क्षत-
बीजापुर के कुटरू मार्ग में नक्सलियों ने जवानों के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया है।



# पीएम को सवार कर महिला पायलट ने चलाई नमो भारत ट्रेन

शांति

▶▶ जब नमो भारत के पहले चरण का पीएम ने शुभारंभ किया था तो उस दौरान भी महिला पायलट ने भी ट्रेन चलाई थी





**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री जिस नमो भारत ट्रेन में सवार थे उसे महिला पायलट चला रही थी। स्टाफ में भी अधिकांश स्टाफ भी महिलाएं थी। जब नमो भारत के पहले चरण का पीएम ने शुभारंभ किया था तो उस दौरान भी महिला पायलट ने भी ट्रेन चलाई थी। इससे साफ जाहिर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। समाज के लिए भी कहीं न कहीं इसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया जा रहा है।

**ढाई घंटे पूरी तरह बंद रहा रोडवेज बसों का संचालन :** कौशांबी बस अड्डे से रोडवेज बसों का संचालन सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर 12:10 बजे तक पूरी तरह बंद रहा। साथ ही मोहननगर से जानी वालीं बसों का सुबह सात बजे से ही संचालन बंद कर दिया था। इससे डिपो पर पहुंचने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। लोग बसों के संचालन का इंतजार करते रहे। बड़ी संख्या में लोग वैकल्पिक व्यवस्था कर लौट गए।

**18 सौ पुलिस कर्मी रहे तैनात, दुरबीन से रखी नजर :** पीएम की सुरक्षा व्यवस्था में 18 सौ से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। स्टेशन के साथ ही पीएम के रूट पर सभी चौक-चोराहों, स्टेशन के आसपास जवान तैनात रहे। दुरबीन से निगरानी की गई। पार्किंग को भी पूरी तरह से बंद रखा गया था। वहीं सुबह से कार्यक्रम समाप्त होने तक साहिबाबाद स्टेशन से नमो भारत का संचालन भी बंद था। छतों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

**छात्र, शिक्षक व कामगार बोले- पीएम के साथ सफर करना सपने जैसा:** कभी सोचा भी नहीं था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सफर करने का मौका मिलेगा। उनके साथ सफर करना बिल्कुल सपने जैसा लग रहा है। हम बार-बार सोच रहे थे कि कहीं सच में यह सपना तो नहीं था। यह पीएम के साथ साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर स्टेशन से सफर करने वाले छात्र, शिक्षक, कामगार व इंजीनियरों का कहना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ नमो भारत ट्रेन में 51 छात्रों, शिक्षकों, कामगारों व इंजीनियरों ने सफर किया। इस दौरान किसी छात्र ने मोदी को पेंटिंग भेंट की तो किसी ने उन्हें कविता सुनाई। प्रधानमंत्री के साथ गाजियाबाद व दिल्ली के कुल पांच स्कूल-कालेज के छात्र शामिल थे। छात्रों ने पीएम को डिजिटल इंडिया, नमो भारत ट्रेन, जी-20 समेत विभिन्न प्रकार की पेंटिंग भेंट की। मोदीनगर के इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट के कुल आठ छात्रों ने प्रधानमंत्री के साथ सफर किया।

## एक्शन में पुलिसः नोएडा में धड़ाधड़ कट रहे चालान

**नोएडा।** कार में टशनबाजी, रौब झाड़ने व प्राइवेसी की आड़ में काली फिल्म लगाने वालों पर यातायात पुलिस सख्त है। गौतमबुद्ध नगर में पुलिस दो साल में 37 हजार से ज्यादा चालान कर चुकी है। यातायात पुलिस का जिले में इस तरह के बढ़ते मामलों को लेकर काली फिल्म लगाने वाले वाहनों को जब्त करने व चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने पर जोर है। वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने से विजिबिलिटी प्रभावित होती है। एक्सपर्ट की मानें तो कार के पिछले शीशे की विजिबिलिटी कम से कम 70 और साइड के शीशे की विजिबिलिटी 50 प्रतिशत होनी चाहिए। इस तरह के वाहन सड़क हादसों का भी कारण बनते हैं। इससे चालक अपने साथ-साथ अन्य की जान भी जोखिम में डालते हैं। यातायात पुलिस के मुताबिक कार में ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से विशेष अभियान जारी है। ब्लैक फिल्म को लेकर पुलिस प्रशासन जीरो टालरेंस नीति का पालन कर रहा है। उधर, आंकड़ों पर नजर डालें तो यातायात विभाग दो वर्ष में 30 हजार वाहनों पर कार्रवाई कर चुका है। जहां वर्ष 2024 में 20 हजार से ज्यादा तो वर्ष 2023 में 17 हजार वाहनों पर कार्रवाई की गई।

## वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे दो कारें भिड़ीं

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र में वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे तड़के करीब चार बजे सौर ऊर्जा मार्ग की ओर जा रही स्विफ्ट कार में लिंक रोड की ओर से आ रही नेक्सान कार ने टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही स्विफ्ट कार घूम गई। कार में छह वर्षीय बच्चे समेत बैठे छह लोग घायल हो गए। एक महिला की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। कार चालक ने कार नंबर के आधार पर लिंक रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने चालक को पकड़ लिया है। जानकारी के मुताबिक, बृजविहार के डबल स्टोरी के विनीत अवस्थी पत्नी रश्मि अवस्थी, बेटा अत्वायन अवस्थी, जीजा राजेंद्र त्रिपाठी, बहन निशा और भांजी मान्या के साथ रविवार सुबह करीब चार बजे स्विफ्ट कार से कानपुर से घर लौट रहे थे। वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे सौर ऊर्जा मार्ग की ओर घर जा रहे थे। तभी वैशाली मेट्रो की ओर से आ रही तेज रफ्तार नेक्सान कार ने बायीं ओर पीछे के दरवाजे में टक्कर मार दी।

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024–2025 दिनांक 19.11.2024
ii) निविदा संख्या 15245204 29.01.2025 को देय।

2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 06.01.2025 से बढ़ाकर 29.01.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धि पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 63/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)
1. 39/म०प्र०/वरि०प्र०–(वि०/यॉ०)–II/2024–25/ई०नि० एच०–ब्लॉक के ग्रीन बेल्ट व एफ०–ब्लॉक सामुदायिक केन्द्र और सेक्टर–22 नौएडा में स्ट्रीट लाईट का सुदढीकरण (4 मीटर ऑक्टागोनल) विद्युत पोल का आपूर्ति का कार्य लागत रू० 19.89 लाख
जिन्हें दिनांक: 20.01.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक:–21.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

(ख)
1. 42/म०प्र० (वि/या)/व०प्र०(वि/या) 3/2024–25, ग्राम अग्गाहपुर में बारातघर, पंचायतघर एवं प्राईमरी स्कूल के विद्युतीय सुदढीकरण के कार्य। लागत रू0 24.82 लाख।
2. 18/महा०प्र०(वि0/यॉ०)/वरि०प्र०–(वि0/यॉ०–4)/2024–25, वर्क सर्किल–9 द्वारा गउशाला सैक्टर–135 में नवनिर्मित शैड के आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। लागत रू0 9.77 लाख
जिन्हें दिनांक:– 13.01.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 14.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (वि./यॉ.), नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07250228 | स्पीड सेंसर विथ वायर हार्नेस अस्सी | 206 नग | 30-01-25 |
| 02 | 07240113 | डायरेक्ट माउंटेड डबल रौ सेल्फ | 532 नग | 30-01-25 |
| 03 | 07240302 | जी–20 स्पीड सेंसर अलोंग विथ केबल | 791 नग | 30-01-25 |
| 04 | 77259001 RGC | आर जी सी फॉर टी डब्लू एस (टी–6155 & टी–6280) | 1100 सेट | 03-02-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 86/2024–2025 दिनांक 06.01.2025 64/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित, पुत्र विरेन्द्र सिंह, निवासी वीपीओ मलिका, तहसील पुबाया थाना कुतर जिला शाहजहापुर, उ.प्र. और बलबीर पहलवान का मकान, शिव मंदिर के पास, हरसावरूप कॉलोनी, फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. 177/2018, **अंतर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 177/2018, **अंतर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.02.2025 को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री आशीश कुमार मीना**
जेएमएफसी, कमरा नं. 2014
साकेत कोर्ट कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली

DP/121/SD/2025
(Court Matter)

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा स्टेशन परिसर पर ऑटोमेटेड टेलर मशीन(एटीएम/ATM)/डिजिटल बैंकिंग यूनिट/DBU's/बैंकिंग इ–लॉबी की स्थापना के अनुबंध **लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी**, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in)** पर **ई-बोली "जैसा है जहां है"** के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है–

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट् |
|---|---|---|
| DLI-ATM-01-2025 | दिनांक: 20.01.2025 को 11:00 बजे | विवेक विहार (VVB) (1), आनंद विहार (ANVT) (1), निजामुद्दीन (NZM) (1), करैन्थी (KHV)-1, दिल्ली शाहदरा-3, तिलक ब्रिज (TKJ)-2, शिवाजी ब्रिज (CSB)-2, साइट्, समर गोपालपुर (SMF)-1, किनाना (KIU)-1, जुलाना (JNA)-1, निलोखेरी (NLKR-1) |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ :**

**आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी बोलीदाता को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिएः**

- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आई आर ई पी एस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

**सम्बंधित जानकारी हेत रेलवे प्राधिकारी** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055, **Email:** publicitycelldli@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

सं.: 3PUB/ATM/DLI-DIV/E-auction/2022 दिनांक: .01.2025 62/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजिन्दर प्रसाद, पुत्र स्व. श्री गेना प्रसाद निवासी 52/18, गली नंबर 17, नई बस्ती, आनंद पर्वत, नई दिल्ली** ने **CC No. 20629/18, U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना राजिन्दर नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजिन्दर प्रसाद** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजिन्दर प्रसाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 20629/18, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना राजिन्दर नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजिन्दर प्रसाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.02.2025** को **10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री श्रेया सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–05,
(केन्द्रीय), कक्ष संख्या 02, भूतल, एनेक्सी–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/106/CD/2025(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) नकुल यादव पुत्रः** रामधनी यादव **पताः** सी–2/850, सेक्टर–27 रोहिणी, दिल्ली, **(2) वकील यादव पुत्रः** रामधनी यादव **पताः** सी–2/851, सेक्टर–27 रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. 377/12 U/s 324/354/506/34 IPC थानाः एसबी डेयरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नकुल यादव (2) वकील यादव,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नकुल यादव (2) वकील यादव,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 377/12 U/s 324/354/506/34 IPC थानाः एसबी डेयरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) नकुल यादव (2) वकील यादव,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सार्थक पवार**
एमएम–05 कमरा नंबर 114
रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/223/ON/2025
(Court Matter)

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** JHS-N-GSU-01-25 **दिनांक:** 03.01.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य सिगनल व दूरसंचार अभियंता (गति शक्ति यूनिट) उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ सिग्नलिंग एन्ड टेलिकॉम वर्क फार एडिशनल लूप लाइन एट दुरियागंज एन्ड खरगापुर स्टेशन ऑफ ललितपुर - खजुराहो सेक्शन एंड डेवलपमेंट ऑफ हाफ रेक हैंडलिंग गुड्स शेड एट कोच स्टेशन ऑफ झाँसी डिवीज़न।

**कार्य लागत लगभगः** ₹ 1,72,18,764.70 | **धरोहर राशिः** ₹ 236100.00
**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथि: 27.01.2025 Time 15:00**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 27.01.2025 को 15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (JHANSI DIVISION-GATI SHAKTI, NORTH CENTRAL RLY)** पर देखें। 22/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।, निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

| क्र.सं. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMBParcelSLR125 (17 lots) | 15.01.2025/11:00 | 15.01.2025/14:10 |

बयाना राशि (EMD) – बोली का 5% (सालाना गणना)

| SN. | Auction Catalogue No. &Train Details |
|---|---|
| | UMBParcelSLR125 (17 lots) |
| 1 | 12312 (FSLR-I) |
| 2 | 12450 (FSLR-I) |
| 3 | 14218 (FSLR-II, RSLR-I) |
| 4 | 14242 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 5 | 14522 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 6 | 14524 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 7 | 19412 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 8 | 22452 (FSLR-I) |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–जानकारी अन्य किसी संबन्धित से नीलामी–, जैसे कि एक पंजीकरण बार–, एस.बी. आई. चालू खाते को आई0आर0ई0पी0एस0 से जोड़ने, पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने, इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

No.NR-UMB0COML(PLTN)/1/2023-O/o DCM1/UMB/NR 56/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# सीएम ने किराड़ी में नवनिर्मित सरकारी स्कूल का किया उद्घाटन

## एक सरकारी स्कूल का उद्घाटन किया, इस स्कूल में बने 72 कमरों में से 37 में क्लासेज चलेंगी और 8 रूम में हाईटेक लैब्स हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के प्रेम नगर में एक सरकारी स्कूल का उद्घाटन किया। इस स्कूल में बने 72 कमरों में से 37 में क्लासेज चलेंगी और 8 रूम में हाईटेक लैब्स हैं। इसके अलावा, लाइब्रेरी और लिफ्ट समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि किराड़ी का इलाका एक ऐसा इलाका है, जिसे एक समय में बहुत पिछड़ा माना जाता था। यहां पूर्वांचल से आए हमारे भाई-बहन कच्ची कालोनियों में रहते थे। यहां सड़क, सीवर और पानी का इंतजाम और स्कूल नहीं होते थे। दस साल पहले इस इलाके का यही हाल था। आज जब हम इस शानदार सरकारी नई स्कूल बिल्डिंग का उद्घाटन कर रहे हैं तो यह दिख रहा है कि प्रेम नगर का

**शिक्षा क्रांति**

**आज दिल्ली के इस 72 कमरों के सरकारी स्कूल में दिल्लीवासियों के बच्चों को लैब और लाइब्रेरी मिलेगी: सीएम**

इलाका उस पिछड़े और कच्ची कालोनी के दौर से निकल कर एक आधुनिक दौर में जा रहा है। हमारे बच्चों को अच्छा भविष्य और अच्छी पढ़ाई-लिखाई देने के दौर में जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी शानदार बिल्डिंग आज इस इलाके के किसी प्राइवेट स्कूल की भी नहीं है। आज दिल्ली के इस 72 कमरों के सरकारी स्कूल में दिल्लीवासियों के बच्चों को लैब और लाइब्रेरी मिलेगी। मैंने तो प्राइवेट स्कूल में भी इतनी सुविधाएं नहीं देखी है लेकिन हमारे बच्चों को दिल्ली के इस शानदार सरकारी स्कूल में लिफ्ट भी मिलेगी। 2015-16 के



दौर में जब मैं किराड़ी विधानसभा आती थी तो मुझे यहां के स्थानीय विधायक ऋतुराज झा बताते थे कि किराड़ी विधानसभा के सारे स्कूल निठारी के इलाके में हैं। बाकी किसी भी वॉर्ड में हमारे बच्चों के पढ़ने के पढ़ने के लिए स्कूल नहीं है। बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए रेलवे लाइन पार करके मुंडका, पश्चिम विहार, नांगलोई और निठारी जाना पड़ता था। मैं विधायक ऋतुराज झा और किराड़ी के लोगों को बधाई देती हूं कि उन्होंने संघर्ष करके कोर्ट तक लड़ाई लड़कर डीडीए से यह जमीन ली और आज प्रेम नगर के लोगों को एक शानदार स्कूल बिल्डिंग समर्पित हो रही है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां पर बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में एडमिशन ले रहे हैं। ऐसा देश के किसी भी राज्य में नहीं हो रहा है, जो आज अरविंद केजरीवाल के मार्ग दर्शन में दिल्ली में हो रहा है। हमारे प्रेम नगर के इलाके में रहने वाले ज्यादातर लोग पूर्वांचल से आते हैं। कोई अपना गांव-घर छोड़कर इसी उम्मीद में आता है कि हमारे बच्चों को हमसे बेहतर जिंदगी और अवसर मिल पाए।

## नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर वोटों की गड़बड़ी:

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोटों का गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि इस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हजारों वोटों को काटने और जोड़ने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र, जहां लगभग एक लाख मतदाता हैं, वहां की वोटर लिस्ट की समरी रिवीजन प्रक्रिया के बाद 15 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच 10,500 नए वोट जोड़ने और 6,167 वोट काटने के आवेदन आए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मात्र 84 लोगों ने 4,283 वोट काटने के आवेदन दिए। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इनमें से कई ऑब्जेक्टरों को चुनाव आयोग ने सुनवाई के लिए बुलाया तो सभी ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई एप्लीकेशन नहीं दी।
मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह साफ इशारा करता है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्तर पर वोटरलिस्ट में गड़बड़ी हो रही है। वोट काटने के लिए फर्जी पहचान का इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में चुनाव आयोग की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सभी सबूत सामने हैं, इसके बावजूद अब तक जांच क्यों नहीं शुरू हुई? सीएम ने कहा कि वोट का अधिकार हमारे लोकतंत्र और संविधान में बाबा साहेब आंबेडकर ने देश के हर नागरिक को दिया है।

# शीश महल पर कैग की रिपोर्ट के खुलासे से आआपा डर गई : विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा पत्रकार वार्ता नई दिल्ली में भाजपा पर पांच हजार वोट कटवाने और दस हजार वोट जुड़वाने के आरोप की कड़ी निंदा की।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आतिशी अपनी नाकामियों और भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब आतिशी को पता चल चुका है कि उनकी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र में चुनाव हारने वाले हैं, इसीलिए उन्होंने अपना विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर दिया है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शीश महल के बारे में कैग की रिपोर्ट में बेतहाशा खर्च का खुलासा होने के बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) अब बौखला गई है और बैकफुट पर आ गई है, इसीलिए वोटर्स लिस्ट में हेराफेरी का आरोप भाजपा पर लगाकर शीश महल से लोगों का ध्यान



**नाकामी**

**अब आतिशी को पता चल चुका है कि केजरीवाल अपने क्षेत्र में चुनाव हारने वाले हैं: विजेंद्र गुप्ता**

हटाने की कोशिश की जा रही हैं। गुप्ता ने आतिशी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ नई दिल्ली विधानसभा सीट में ही, जहां से अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं, वोटर्स लिस्ट में गड़बड़ी का अंदेशा जताया, और दिल्ली के अन्य विधानसभा सीटों पर एक भी शब्द नहीं बोला।

# केजरीवाल ने दिल्ली देहात के साथ विश्वासघात किया: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने दिल्ली देहात के साथ विश्वासघात किया है। दिल्ली देहात के मामले पर बिधूड़ी ने केजरीवाल को बहस की चुनौती दी। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर केजरीवाल यह साबित कर दें कि उनके आरोप सच हैं तो मैं राजनीति से हट जाऊंगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा



कि केजरीवाल द्वारा केंद्र सरकार पर आरोप लगाना उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली स्थिति है। केजरीवाल ने दिल्ली देहात और किसानों के हित में कोई काम नहीं किया। यहां तक कि उन्होंने जो वादे किए, उन्हें भी पूरा नहीं किया।
बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली देहात की विस्तारित आबादी को नियमित करने का प्रस्ताव शीला दीक्षित सरकार ने 2013 में पारित कर दिया था। गांवों की आरडब्ल्यूए से कहा गया था कि

**साधा निशाना**

**केजरीवाल द्वारा केंद्र सरकार पर आरोप लगाना उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली स्थिति है: बिधूड़ी**

वे अपना लेआउट प्लान जमा कराएं। सैंकड़ों लेआउट प्लान दिल्ली सरकार के पास जमा हुए लेकिन इस बीच केजरीवाल की पार्टी सत्ता में आ गई और आज तक उस फैसले को लागू नहीं किया गया।

## एचएमपीवी के दो मामले मिलने के बाद दिल्ली का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले पाए जाने के बाद दिल्ली सरकार के अधीनस्थ अस्पतालों को सतर्क और अपडेट रहने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सचिव को प्रतिदिन दिल्ली के कम से कम तीन अस्पतालों का दौरा करने तथा दैनिक रिपोर्ट देने को भी कहा है। कर्नाटक के दो मरीजों के बारे में मिली सूचना और एहतियाती उपाय करने सम्बन्धी सुझावों के परिप्रेक्ष्य में अपनी तैयारी करने को कहा है।

# कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह ढाई हजार रुपये देने का ऐलान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में महिला सशक्तिकरण के लिए "प्यारी दीदी योजना" लॉन्च की।कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार बनने पर कर्नाटक की तर्ज पर स्थानीय महिलाओं को "प्यारी दीदी योजना" के तहत ढाई हजार रुपये हर महीने देने का ऐलान किया है। सोमवार यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार तथा पार्टी के दिल्ली प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने उक्त घोषणा की। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने कहा कि आज मैं यह यहां महिला सशक्तिकरण के लिए "प्यारी दीदी योजना" लॉन्च करने आया हूं। मुझे पूर्ण पूर्ण विश्वास है कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बहुमत के साथ जीतेगी और सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को 2500 रुपये मासिक दिए जाएंगे। सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में इस योजना को लागू करने का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का पूरी तरह वही मॉडल होगा, जो कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने वहां लागू कर




**योजना**

**कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और दिल्ली प्रदेश प्रभारी काजी ने लॉन्च की 'प्यारी दीदी योजना'**

रखा है। पत्रकार वार्ता में इससे पहले काजी निजामुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। दिल्ली की महिलाओं के लिए पार्टी आज समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण की पहली गारंटी का ऐलान कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, "भाजपा के झूठे वायदे आपको याद हैं, चाहे 15 लाख खाते में आना हो या फिर युवाओं को रोजगार देने की बात हो।" काजी निजामुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की तरह झूठ नहीं बोलती है। कांग्रेस सरकारों ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किए। कर्नाटक इसकी ताजा मिसाल है। यह योजना न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगी बल्कि महिलाओं को सशक्त भी बनाएगी, जिससे उन्हें लैंगिक असमानता से संबंधित चुनौतियों के लिए जाने जाने वाले शहर में सुरक्षा और स्वायत्तता की भावना मिलेगी।
पत्रकार वार्ता के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अलका लांबा आदि अन्य पार्टी के कई नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने कैग की रिपोर्ट पर अरविंद केजीवाल को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के लिए साल 2022 की भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर सोमवार को अरविंद केजरीवाल को घेरा। कैग की रिपोर्ट का हवाला दे कर भाजपा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को धोखा देकर अपने लिए 'शीशमहल' बनवाया जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए। आम आदमी पार्टी की सरकार ने 'शीशमहल' पर अनुमानित खर्च से चार गुना अधिक किया गया। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने विभिन्न योजनाओं पर होने वाले से व्यय से कहीं अधिक बजट पर विज्ञापन पर खर्च किया। इसे जनता पर नहीं खर्च किया। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कैग की रिपोर्ट साफ बताती है कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के पैसे का किस तरह से दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए थे तो कहते थे कि वे कुछ नहीं लेंगे। लेकिन पिछले दस

**सवाल पूछा**

**रिपोर्ट का हवाला दे कर भाजपा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली वालों को धोखा देकर अपने लिए 'शीशमहल' बनवाया**

सालों में उन्होंने किस प्रकार से दोनों हाथों से जनता के पैसे बटोरे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास-6 फ्लैग स्टाफ रोड को लेकर उठे विवाद पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि 17 मार्च, 2020 को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी ने 6 फ्लैग स्टाफ रोड को फिर से बनाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव के तहत एक मंजिला इमारत को गिराकर एक अतिरिक्त नई मंजिल का निर्माण करना था। हैरानी की बात यह है कि इस प्रस्ताव को एक दिन के भीतर स्वीकार कर लिया गया। इसके लिए अनुमानित लागत 7.61 करोड़ रुपये रखी गई थी, लेकिन सरकार द्वारा जारी टेंडर में राशि 8.62 करोड़ रुपये बताई गई थी।




मीडिया को संबोधित करते हुई सीएम आतिशी। साथ में हैं सांसद संजय सिंह और मंत्री सौरभ भारद्वाज।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अंतिम मतदाता सूची जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष मतदाता हैं, जबकि 71,73,952 महिला मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग 52,554 मतदाता जोड़ो गए हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अनुसार दिल्ली में अब 1,55,24,858 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। यह सूची 29.10.2024 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची के 1,53,57,529 की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 1.09 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। सीईओ कार्यालय के मुताबिक अब तक मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने को लेकर झूठे व छेड़छाड़ किए गए दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 24 लोगों के खिलाफ आठ



एफआईआर दर्ज की गई हैं। दिल्ली के सीईओ ने नए मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे और मनगढ़ंत दस्तावेज प्रस्तुत करने के विरुद्ध चेतावनी दी है। नई मतदाता सूची में यह भी बताया गया है कि 16 दिसंबर, 2024 के बाद से नए मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 की अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। इस तिथि से दिल्ली में 5.1 लाख से अधिक फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं। यह 3.08 लाख नए मतदाताओं (एसएसआर-2025 के दौरान नामांकित यानी मसौदा प्रकाशन तिथि 29.10.2024 के बाद से) को जोड़ने के बाद है। फॉर्म-6 की अभूतपूर्व वृद्धि और वह भी एसएसआर-2025 (28.11.2024) में निर्धारित दावों और आपत्तियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि के 20 दिनों के बाद, अप्रत्याशित है और इसकी अधिक जांच की आवश्यकता है। सभी ईआरओएस को ईसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक फॉर्म की सख्ती से जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सीईओ कार्यालय ने कहा कि वास्तविक पात्र व्यक्तियों की पहचान करने के लिए ईआरओ और एईआरओएस द्वारा 100 प्रतिशत क्षेत्र सत्यापन किया जाएगा अब तक मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे व छेड़छाड़ किए गए दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 24 लोगों के खिलाफ आठ एफआईआर दर्ज की गई हैं।

# अरविंद केजरीवाल के काले कारनामों को उजागर करती है कैग रिपोर्ट: वीरेंद्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के अपने आधिकारिक आवास शीशमहल पर फिजूलखर्ची का आरोप लगाया। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सचदेवा ने आरोप लगाया कि 2022 तक नवीनीकरण पर 33.66 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है, लेकिन आज तक कुल व्यय के बारे में कोई जानकारी नहीं है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पत्रकार वार्ता में केजरीवाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ मिलीभगत करके बंगले के नवीनीकरण के लिए संदिग्ध तरीके से काम किए। उन्होंने कहा कि 2022 तक सीएजी की रिपोर्ट कहती है कि 33.71 करोड़ रुपये खर्च किए गए। सचदेवा ने कहा, " 2020 में कोविड महामारी के दौरान, जब लोग बंद थे, और लोग थे ऑक्सीजन के लिए संघर्ष कर





रहे, उस दौरान अरविंद केजरीवाल 'शीशमहल' का एस्टीमेट बना रहे थे। वर्ष 2023-24 की इन्वेंटरी के मुताबिक उनके सरकारी आवास में जो करोड़ों का सामान मिला, वो पीडब्ल्यूडी ने नहीं दिया। निर्माण के अलावा सौंदर्यीकरण के लिए 75-80 करोड़ रुपये खर्च किए गए। जो सामान पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगाया है, वह सामान कहां से आया, वह किसका पैसा है इसका जवाब अरविंद केजरीवाल को देना होगा।" उन्होंने आगे बताया कि कैग ने इस परियोजना के बारे में 139 प्रश्न उठाए हैं, जिनमें दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) और दिल्ली नगर निगम से अनुमति न लेना भी शामिल है। भाजपा नेता ने केजरीवाल के खर्चों को "भ्रष्टाचार और पाखंड का प्रतीक" बताया। उन्होंने कहा, "पीडब्ल्यूडी ने केजरीवाल की मांगों के आगे घुटने टेक दिए। अधिकारियों को इन अनियमितताओं से लाभ उठाने की अनुमति दी गई और इस प्रक्रिया में दिल्ली को लूटा गया।" पीडब्ल्यूडी ने "एक निजी संस्थान की तरह काम किया"।

# लोहगढ़ में जल्द बनेगा विश्वस्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री की संयुक्त अध्यक्षता में लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। समिति का गठन यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में बनने वाले विश्वस्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के विकास की देखरेख के लिए किया गया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की प्रगति की निगरानी के लिए लोहगढ़ परियोजना विकास समिति का गठन किया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष हैं। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर



लाल ने अधिकारियों को बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की स्थापना की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इस विश्वस्तरीय विरासत स्मारक का जल्द से जल्द निर्माण सुनिश्चित कर इसे जनता को समर्पित किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का निर्माण मुख्य रूप से उनकी जीवनी पर केंद्रित होना चाहिए, जिसमें उनकी बहादुरी और बलिदान की वीरगाथा की झलक हो । उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि स्मारक में बाबा बंदा सिंह बहादुर सहित देश भर में मुगलों के खिलाफ अन्य सिख गुरुओं द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों को समर्पित एक संग्रहालय का भी निर्माण होना चाहिए । स्मारक के

**बैठक**

**प्रथम चरण में 74 करोड़ रुपये होंगे खर्च, जिसमें किले के जीर्णोद्धार, किलेनुमा दीवार, प्रवेश द्वार शामिल**

डिजाइन का उद्देश्य जनता, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को वीर बाबा बंदा सिंह बहादुर के इतिहास और वीरतापूर्ण योगदान के बारे में शिक्षित करना होना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि स्मारक की स्थापना में अतीत में प्रचलित रहे पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट को भी बढ़ावा देने की ओर भी ध्यान केंद्रित होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा । पहले चरण में लगभग 74 करोड़ रुपये की लागत से किले के जीर्णोद्धार और संवर्धन, किलेनुमा दीवार का निर्माण, प्रवेश द्वार, नानकशाही सिक्का का निर्माण, साइट का भूनिर्माण और स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, एक अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा, जिसमें बाबा बंदा सिंह बहादुर की जीवन गाथा को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर पर्यटकों के लिए एक अनूठा अनुभव तैयार किया जाएगा। बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा स्थापित 'सिख राज' की पहली राजधानी लोहगढ़ में स्थापित होने वाला यह स्मारक उनकी असाधारण बहादुरी, वीरता और बलिदान की कहानी को फिर से जीवंत करेगा।

# राज्यपाल ने गुरु गोबिंद सिंह जी को उनके प्रकाश पर्व पर श्रद्धांजलि

**प्रकाश डाला**

**शिक्षाओं, सद्भाव, साहस और सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देने में उनके महत्व पर प्रकाश डाला**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज 10वें सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी को उनके प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं, सद्भाव, साहस और सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देने में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। बंडारू दत्तात्रेय ने मानवता के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी के अद्वितीय योगदान, विशेष रूप से निस्वार्थता, समानता और सेवा के उनके आदर्शों पर जोर डालते हुए देश के नागरिकों से समाज के कल्याण के लिए इन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया। गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणा का प्रतीक है। सार्वभौमिक कल्याण, सामाजिक न्याय और एकता का उनका दृष्टिकोण आज की दुनिया में भी अत्यंत प्रासंगिक है। दत्तात्रेय ने कहा कि आइए हम सब उनके सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हों और एक दयालु और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान दें। बंडारू दत्तात्रेय ने सिख समुदाय की त्याग, वीरता और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की, जो गुरु के जीवन और विरासत में परिलक्षित होते हैं।

उन्होंने लोगों से इस शुभ अवसर को भक्ति और गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा सिखाए गए मूल्यों को बनाए रखने के संकल्प के साथ मनाने के लिए एक साथ आने का आह्वान किया। राज्यपाल ने इस दिन के लिए लोगों को शुभकामनाएं दी और हरियाणा एवं देश के लिए शांति, समृद्धि और एकता की प्रार्थना की।

# साहिबजादों ने समाज व धर्म के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश उत्सव की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने समाज व धर्म के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज नाडा साहिब गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह के 358 वें प्रकाशोत्सव पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब पर शीश नवाया और अखण्ड पाठ में भी शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने निशान साहिब पर भी मत्था टेका और प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की नींव रखी और समाज व राष्ट्र के लिए अपने परिवार की कुबार्नी दी थी। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रदेश व केंद्र में तीसरी बार भाजपा की

**श्रद्धासुमन**

**मुख्यमंत्री ने नाडा साहिब गुरुद्वारा में गुरु गोबिंद सिंह जी के 358 वें प्रकाशोत्सव पर पहुंचकर किए श्रद्धासुमन अर्पित की**

सरकार बनाई है। इस बार भी तीव्र गति से विकास के कार्य किये जायेंगे। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक हर माह गांव में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही निपटारा सुनिश्चित करेंगे। लोहारू प्रकरण पर सवाल के जवाब मे मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई जांच करवाने से पहले हरियाणा की एजेंसियां कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी ढंग से काम कर रही हैं। प्रदेश का नागरिक बिना भय के सुखमय जीवन व्यतीत करे, यह सरकार का प्रयास है।

# विकास के कार्यों में नहीं रहने दी जाएगी धन की कमी: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि वर्तमान सरकार एक्टिव मोड में है। पहली बार प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। सरकार का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ साथ विकास के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाना है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने यह बात आज हिसार में गांव सातरोड खुर्द में नगर

**जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ**

**गांव सातरोड खास एवं खुर्द सहित आसपास की कालोनियों में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से तालाब नवीनीकरण, पाइप लाइनों को बिछाने के कार्यों के साथ साथ गलियों के निर्माण के कार्य किए जाएंगे**

निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने उपरांत नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कही।

कैबिनेट मंत्री ने समस्याओं को सुनने उपरांत मौके पर ही उनके निदान की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बरवाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को पहली बार जिताने पर सभी का धन्यवाद करने के साथ साथ ग्रामीणों को नए साल की शुभकामनाएं भी दी, साथ ही कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव सातरोड खास एवं खुर्द सहित आसपास की कालोनियों में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से तालाब नवीनीकरण, पाइप लाइनों को बिछाने के कार्यों के साथ साथ गलियों के निर्माण के कार्य किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास तथा हरियाणा एक-हरियाणवी एक नारे के साथ हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के कार्य करवाने का काम करती है। इसका उदाहरण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनते ही शपथ लेने उपरांत मंच से उतरने से पूर्व बिना पर्ची-बिनी खर्ची के 25 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर ज्वाइनिंग लेटर भेजने का कार्य किया।

# कुरुक्षेत्र विवि में गुरु गोबिंद सिंह जी के नाम पर शोध पीठ की होगी स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के नाम पर शोध पीठ की स्थापना की जाएगी। जमुना ऑटो इंडस्ट्री लिमिटेड ने आज इस उद्देश्य के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को 25 लाख रुपये का चेक भेंट किया। गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और शिक्षाओं से संबंधित शैक्षणिक अनुसंधान और सांस्कृतिक अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस शोध पीठ को जमुना ऑटो इंडस्ट्री लिमिटेड द्वारा उनके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

**शोध पर बल**

**जमुना ऑटो इंडस्ट्री लिमिटेड ने इस उद्देश्य के लिए सीएम को 25 लाख रुपये का चेक भेंट किया**

कार्यक्रम के तहत वित्त पोषित किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा और ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह भी मौजूद रहे। शोध पीठ की स्थापना से न केवल गुरु गोबिंद सिंह जी की विरासत का सम्मान होगा।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़े दो बदमाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल: पलवल पुलिस ने मुठभेड़** के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। क्रास फायरिंग में जहां दो आरोपी घायल हुए हैं वहीं सीआईए इंचार्ज को भी गोली लगी है। बुलेट फ्रूफ जाकेट पहनने के कारण उनका बचाव हो गया। पुलिस ने घायल बदमाशों को नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया है। वहीं इनके 2 साथी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए। पकड़े गए एक आरोपी का पिछले दिनों पलवल में जमीन विवाद में झगड़ा हो गया था। जिसके बाद इनके खिलाफ हसनपुर थाने में केस दर्ज हुआ था। सोमवार को आरोपी शिकायतकताओं की हत्या करने के लिए पहुंचे थे। इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने 2 देसी कट्टा, पांच कारतूस व चली हुई गोलियों के 3 खोल और एक बाइक बरामद की है। दोनों पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, फिरौती आदि के 32 मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विनोद व अशोक के रूप में हुई है। डीएसपी (क्राइम) मनोज वर्मा ने बताया कि सोमवार अलसुबह सीआईए प्रभारी दीपक गुलिया के नेतृत्व में पुलिस की टीम गश्त पर थी। उसी समय सूचना मिली कि मुंडकटी-सेवली रोड पर एक प्लाट में बने कमरे में तीन-चार युवक हैं। उनके पास अवैध हथियार हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इनमें एक राजस्थान का बदमाश है, जिस पर काफी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने हथियार निकाले और पुलिसकर्मियों पर सीधी गोली चला दी। इनमें एक गोली सीआईए प्रभारी दीपक गुलिया की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी।

# बेदी ने गांव दबलैन को दी करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र नरवाना के गांव दबलैन में 2 करोड़ 45 लाख रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री ने सोमवार को गांव के वाटर वर्क्स के नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण का शिलान्यास किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इस कार्य में 1 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने गांव की अनेक चौपालों के निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए भी 83 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। बेदी ने इस अवसर पर गांव के राजकीय विद्यालय में ग्रामीण सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की मांग गांव वासी लंबे समय से कर रहे थे। इस जल घर का अब नए सिरे से नवीनीकरण और विस्तारीकरण करने का कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा गांव की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा उच्च विद्यालय को भी 12वीं कक्षा तक बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया

**शिलान्यास**

**एक करोड़ 61 लाख 94 हजार रुपए की राशि से बनने वाले जल घर के नवीनीकरण का किया शिलान्यास**

है। इसके लिए गांव वासियों सहित वे व्यक्तिगत तौर पर भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। ग्रामीण विकास के लिए घोषणाएं करते हुए बेदी ने 38 लाख रुपये सामान्य चौपाल के लिए मंजूर करने का ऐलान किया। इसमें 28 लाख रुपये की राशि पहले से मंजूरशुदा है, जबकि 10 लाख रुपये की राशि की मंत्री ने अतिरिक्त घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने बाजीगर चौपाल और चमार चौपाल के लिए 10-10 लाख रुपये, ब्राह्मण चौपाल के लिए 15 लाख रुपये, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 21 लाख रुपये तथा वाल्मीकि चौपाल के लिए भी 10 लाख रुपये ग्रांट देने की घोषणा की। गौरतलब है कि वाल्मीकि चौपाल के लिए 21 लाख रुपये की राशि पहले से ही मंजूर है। बेदी ने ग्रामीणों की मांग पर हर्बल पार्क, स्कूल में सोलर सिस्टम, बहुउद्देशीय हॉल, बास्केटबॉल मैदान, स्कूल में छात्रों की संख्या अनुसार अतिरिक्त नए कमरों का निर्माण, उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण, स्टेडियम व उसमें जिम व्यवस्था एवं चारदीवारी निर्माण बारे भी संबंधित विभागों को एस्टीमेट बनाने तथा ग्राम पंचायत को जमीन उपलब्ध करवाने के लिए कहा। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आपसी भाईचारा के साथ गांवों के विकास में सकारात्मक सहयोग करें। वर्तमान सरकार का मुख्य फोकस केवल विकास है और इसी दिशा में वे व्यक्तिगत तौर पर भी निरंतर प्रयासरत रहेंगे। राज्य सरकार के लिए पूरा हरियाणा और समस्त हरियाणवी एक हैं, और उनकी तरक्की ही पहली और आखिरी प्राथमिकता है। उन्होंने फिलहाल हुए चुनाव में जन समर्थन के लिए क्षेत्रवासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र के मतदाताओं के ऋणी रहेंगे और अपना ऋण वे विकास परियोजना रूपी किस्तों में चुकाने का प्रयास करेंगे।

# रैन बसेरों में मिलेगा गर्म पानी, शौच व स्नान की भी होगी सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** रविवार रात को शहर में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध सुविधाओं का जायजा किया। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने रैन बसेरे में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि आगंतुकों को गर्म पानी, शौच व स्नानघर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इससे लोगों को रैन बसेरों में ठहरने पर उचित लाभ मिल सकेगा। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं व अन्य सामाजिक लोगों से अपील कर कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए बेघर लोगों को रैन बसेरों में ठहरने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान रैन



बसेरों में ठहरे लोगों से फीडबैक लिया और उन्हें कंबल भी वितरित किए। रविवार रात को निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मुख्य रूप से गुरुग्राम रेलवे रोड, भीम नगर, कादीपुर स्थित रैन बसेरों का जायजा लिया। उपायुक्त के इस निरीक्षण दौरे में रेडक्रॉस व नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों की टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि अधिक भीड़ वाली जगहों पर अस्थाई रैन बसेरों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य फ्लाई ओवर व चौक चौराहों पर निगम अपने स्तर पर पुराने आंकड़ों व औसत के अनुसार स्थान चिन्हित कर अस्थाई रैन बसेरे बनाकर लोगों

**निरीक्षण**

**डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, उपायुक्त ने रविवार रात रैन बसेरों का निरीक्षण किया**

को लाभ देना सुनिश्चित करे। इस दौरान निगम के सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर महेंद्र कुमार को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि रैन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका भी विशेष ध्यान सभी अधिकारी रखें। रैन बसेरा में साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय भी साफ-सुथरे रहें, इस ओर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ साथ रैन बसेरों के नोडल अधिकारी जब रात को निरीक्षण के लिए निकले तो अपने साथ गाड़ी में कम्बल जरूर रखें ताकि खुले में बाहर सोने वाले व्यक्ति को त्वरित राहत दी जा सके। उपायुक्त ने निरीक्षण के समय रैन बसेरों में ठहरने लोगों की संख्या और रात्रि पड़ाव का कारण भी जाना। इसमें से कुछ दिहाड़ी मजदूर, कुछ प्रवासी व कुछ अन्य कारणों से यहां ठहरे हुए मिले। उपायुक्त ने केयर टेकर को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कारण से रैन बसेरों में लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। आगंतुकों को बेहतर सुविधा देने के निर्देश भी उपायुक्त ने दिए।

# जंगल सफारी व ग्रीन कॉरिडोर से क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की बदलेगी तकदीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम जिला में अरावली पर्वत श्रृंखला में बनने जा रही दुनिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी व ग्रीन कॉरिडोर से क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की तकदीर व तस्वीर बदलने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के विकसित होने पर पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी वहीं दूसरी ओर पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि इस परियोजना से सम्बंधित क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिले। पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह आज गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव अकलीमपुर, टीकली, गेरतपुर बास व सकतपुर में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के ध्येय के साथ प्रदेश के सभी क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिले में विकास की गति को बरकरार रखते हुए नए आयाम दिए जा रहे हैं। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में गुरुग्राम को विश्व में एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। उन उम्मीदों पर खरा उतरते हुए सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी व समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी।

# मुख्य सचिव ने किया आईकॉनिक साइट राखीगढ़ी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/हिसार।** प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आइकोनिक साइट राखीगढ़ी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुरातत्व विभाग द्वारा किए जा रहे उत्खनन कार्य का अवलोकन किया और खुदाई के दौरान मिली हड़प्पा कालीन सभ्यता से संबंधित वस्तुओं के बारे में जानकारी भी हासिल की। इस दौरान उनके साथ मंडल आयुक्त ए. श्रीनिवास, उपायुक्त अनीश यादव, हांसी के पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. संजय कुमार मंजुल, सर्कल इंचार्ज केए कोबोई और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की उप निदेशक बनानी भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव डॉ. विवेक



जोशी ने सोमवार को राखीगढ़ी में दौरे दौरान गांव के अलग अलग एरिया में बनी साइट्स का अवलोकन किया। उन्होंने निमार्णाधीन म्यूजियम को भी देखा। इसके बाद उन्होंने माउंट नम्बर एक, तीन, चार और पेरेट वॉल भी देखी। उन्होंने राखीगढ़ी का अवलोकन करने के बाद कहा कि यह अपने आप में हजारों साल पुरानी सभ्यता को समेटे हुए है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सभी इस विश्वप्रसिद्ध साइट के जरिये अपने इतिहास से रूबरू हो सके। प्रदेश का पुरातात्विक विभाग प्राचीन साइट्स को सहेजने में जुटा है। राखीगढ़ी में गांव के युवाओं और ग्रामीणों ने भी मुख्य सचिव विवेक से मुलाकात की। साथ ही युवाओं ने विवेक

**अवलोकन**

**मुख्य सचिव विवेक जोशी ने खुदाई में मिली हड़प्पा सभ्यता की वस्तुओं का किया अवलोकन**

जोशी को गांव में एक युवा द्वारा राखीगढ़ी के अंदर पहुंचने वाले टूरिस्ट को खुद के घर मे ठहराव करवाकर यहां के बारे में जानकारी देने के काम के बारे में भी बताया। म्यूजियम में रखा जाएगा सामान, स्टेडियम जैसी जगह मिलीहरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. संजय कुमार मंजुल ने तीनों साइट्स बाबत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माउंट नंबर 3 पर एक बड़ा स्ट्रक्चर मिला है, जिसे देखने पर ऐसा लग रहा है जैसे वो स्टेडियम हो। हालांकि, अभी खुदाई शुरू हुई है, थोड़े समय में रिसर्च के साथ इससे जुड़े कई और पहलू भी क्लियर हो जाएंगे। इससे पहले के कार्यो के बारे में उन्होंने मुख्य सचिव विवेक जोशी को बताया कि हड़पन काल के भी अलग अलग दौर के प्रमाण मिले है, उस समय राखी गढ़ी आज के आधुनिक चंडीगढ़ जैसे शहरों की तर्ज पर बसा हुआ था। उत्खनन के दौरान अब तक यहां से लगभग 5000 साल पूर्व के मानव कंकाल, मिट्टी के बर्तन, पत्थर से बने चर्ट ब्लड, टेराकोटा बॉल जो सुरक्षा यंत्र के रूप में प्रयोग में लाई जाती थी, इत्यादि मिल चुके है।

# लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से करवाए जा रहे संगठनात्मक चुनाव : कृष्ण गर्ग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी द्वारा संगठन में बूथों के चुनाव चल रहे हैं। इसी कड़ी में करनाल भाजपा कर्ण मंडल के वार्ड 12 के बूथ नंबर 33, 34, 35 के लिए बूथ अध्यक्षों का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ, जिसमें बूथ नंबर 33 के लिए बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर को, बूथ नंबर 34 का अध्यक्ष आकाश अरोड़ा को एवं बूथ नम्बर 35 का अध्यक्ष रवींद्र कश्यप को चुना गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से करण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, मंडल चुनाव प्रभारी पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, पूर्व पार्षद एवं चुनाव प्रभारी रजनी प्रोचा, शक्ति केंद्र पालक एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पूर्व पार्षद डा.अशोक कुमार, करण मंडल उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप, सह प्रमुख नंद लाल मौजूद रहे। चुनाव प्रभारी पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु आजकल भाजपा ने संगठन के चुनाव करवाने की मुहिम छेड़ी हुई है। पार्टी द्वारा संगठन चुनाव लोकतांत्रिक और पारदर्शी तरीके से करवाये जा रहे हैं। उन्होंने संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि भाजपा की सफलता उनके समर्पण और मेहनत के कारण ही संभव हो पाई है। पूर्व पार्षद एवं चुनाव प्रभारी रजनी प्रोचा ने सभी नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों को बधाई देते हुए बूथ की रचना के बारे उचित निर्देश दिए तथा बूथ की सरंचना की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद आहूजा, अशोक धींगरा, रमनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, ओम प्रकाश, गौरव कश्यप, कमल कश्यप, बिट्टू भारती, बलराज शर्मा, प्रेम संदूजा, अशोक विरमानी, आत्म बधवा, मोहित, अशोक वर्मा, पंकज जावा, संजीव पाहवा, सतपाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**संगठन**

**भाजपा की सफलता उनके समर्पण और मेहनत के कारण ही संभव हो पाई है : कृष्ण गर्ग**

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सारा जीवन किया न्योछावर : कल्याण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव श्री तेग बहादुर सिंह सभा गुरुद्वारा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पर्व पर लंगर भी लगाया गया। गुरु पर्व पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक हरविंद्र कल्याण ने गुरुद्वारे में पहुंच कर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। सोमवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सभी को गुरु पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं गुरुद्वारा प्रबंधक की ओर से स्पीकर को सरोपा पहना कर सम्मानित किया। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी भक्ति और शक्ति के प्रतीक थे। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिया। यहां तक की उन्होंने अपने साहिबजादों की भी कुर्बानी दे दी थी। मानवता व इतिहास में इसको भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि धर्म व संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की सोच थी कि न तो किसी से डरना चाहिए और न ही किसी को डराना चाहिए, मगर धर्म, संस्कृति व राष्ट्र के लिए अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वाह करे और मानवता व समाज की सेवा करना भी जरूरी है।

## न्यूज फ्लैश

### मोहन नगर ब्रांच में यूको बैंक ने मनाया 83वां स्थापना दिवस



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,** : कुरुक्षेत्र के मोहन नगर में स्थित यूको बैंक ने अपना 83वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बैंक के मैनेजर व समाजसेवी विजय सैनी ने बैंक की ब्रांच में केक काटकर स्थापना दिवस मनाया।? बैंक के मैनेजर दीपक कुमार ने कहा कि बैंक ने अपना 83वां स्थापना दिवस मनाया है। बैंक का मुख्य उद्देश्य आमजन को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देना है तथा उपभोक्ता की संतुष्टि हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विजय सैनी ने कहा कि ब्रांच के सभी अधिकारीगण ग्राहकों से अच्छा व्यवहार करते हैं। इस अवसर पर अमन कुमार, पवन छाबड़ा, सुभाष सोनिया सिंह, मुकेश, सुनीता आदि मौजूद थे।

### 'युवा वर्ग ओर बच्चों में संस्कार-संस्कृति और सभ्यता जरूरी'



**पानीपत ,** ( कमाल हुसैन ) देश की संस्कृति-सभ्यता हमारी पहचान रही है मगर विडंबना है कि वर्तमान परिदृश्य में युवा वर्ग ओर बच्चों में संस्कार-संस्कृति और सभ्यता नहीं के बराबर नजर आती है। घरों और परिवारों में अपनापन,आदर भाव, सत्कार और अभिवादन औपचारिक हो गए! परिवारों में सदस्य अब एक साथ बैठ कर नहीं खाते है इस समय मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से अपनापन और भावनाएं गुमशुदा होती जा रही हैं। जबकि बच्चों को लोक परंपराओं, तीज-त्योहारों और नैतिक मूल्यों से रूबरू कराया जाना चाहिए। अगर हम अपनी संस्कृति-सभ्यता और संस्कारों की अनदेखी करते हैं, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत की पहचान के लिए हमें प्रयास करने होंगे। इस परिस्थिति से उबर कर कर हमें भारतीय संस्कृति सभ्यता को जीवंत रखना होगा और इन्हें आत्मसात करना होगा। इस पर अफसर रावल ने कहा की नई पीढ़ी को मातृभूमि का मान और सामाजिक मूल्यों का महत्व बताना होगा। पाश्चात्य सभ्यता के दौर में अपनी मौलिक संस्कृति को खो देना अच्छा नहीं है। क्या हम हिन्दुस्तानी युवावर्ग और बच्चों को संस्कार तथा संस्कृति का पाठ पढ़ाएंगे? क्या हम भारत की संस्कृति को जीवंत रखने के लिए कारगर कदम उठाएंगे ?

### 4 से 11 फरवरी तक अम्बाला कैंट में होगी अग्निवीर पुरुष एवं महिला की भर्ती

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आगामी 4 फरवरी से 8 फरवरी तक अम्बाला कैंट के खड़गा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण, फिजिकल एवं मेडिकल का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में हरियाणा के अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वे पुरुष अभ्यर्थी जो की प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुए हैं, वे भाग ले सकते हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रथम चरण के सभी चयनित अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 20 दिसम्बर 2024 को जारी कर दिये गये हैं। ऐसे सभी उम्मीदवार भारतीय सेना की वेबसाइट पर उम्मीदवार लॉग इन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। इसी प्रकार से 9 फरवरी से 10 फरवरी तक इसी स्थल पर दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की अग्निवीर महिला (मिलिट्री पुलिस) अभ्यर्थियों की भी भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा। इनके एडमिट कार्ड शीघ्र ही जारी किये जायेंगे।

# शनि मंदिर से टकराई कार, दो प्रतिमाएं हुई खंडित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** जिले के चिड़ाव मोड के पास एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार ने स्कूटी को टक्कर मारी और अनियंत्रित होकर कई पलटती हुई शनि मंदिर की दीवार से जा टकराई, जिससे शनिदेव भगवान की मूर्ति और उनके पक्षी की मूर्ति को भी कार ने तोड़ दिया। हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बीती देर रात एक महिंद्रा कार जींद से करनाल की तरफ जा रही थी। रास्ते में शनि मंदिर के पास गाड़ी ने एक स्कूटी सवार जलमाणा निवासी ईश्वर सिंह को टक्कर मार दी और कई पलट खाती हुई शनि मंदिर में घुस गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। कार में पांच लोग सवार थे, पांचों मौके से फरार हो गए। स्कूटी सवार घायल हुआ है। उसे करनाल के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है राहगीर प्रवीन कुमार, राममेहर, सतीश कुमार व अन्य ने बताया कि हादसा जबरदस्त हुआ है। गाड़ी पंजाब नंबर की है। गाड़ी के अंदर शराब की बोतले पड़ी हुई मिली है। आशंका जताई जा रही है कि गाड़ी सवार नशे में थे। वहीं घायल स्कूटी चालक ईश्वर ने बताया कि वह करनाल की तरफ से आ रहा था और कार जींद की तरफ से आ रही थी। गाड़ी का संतुलन बिगड़ा और गाड़ी पलटे खाती हुई मेरी स्कूटी को साइड मार गई। मुझे गुम चोटें आई हैं। कंधे पर भी चोटें आई है। आरोप है कि कार सवार नशे में थे। डायल-112 की टीम के इंचार्ज नवीन ने बताया कि शनि मंदिर की दीवार को तोड़ते हुए एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है। स्कूटी सवार को भी गाड़ी ने साइड मारी, जिससे स्कूटी सवार को चोटे आई है। सदर थाना पुलिस को जानकारी दे दी गई है। थाना प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि देर रात सडक हादसे की जानकारी मिली थी।

# कार की टक्कर से महिला वकील हुई घायल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में एक्टिवा सवार महिला वकील को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह सडक पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला प्राइवेट स्कूल में पीटीएम के बाद घर लौट रही थी। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। घायल महिला को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गांव रांवर निवासी पीड़िता पूजा शर्मा ने बताया कि वह वकील है और करनाल कोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं। बीती 31 दिसंबर को दोपहर साढ़े 12 बजे वह सेक्टर-6 स्थित टैगोर स्कूल में अपने बच्चों की पीटीएम अटेंड करने के बाद एक्टिवा से घर लौट रही थी। जैसे ही वह रांवर रोड पर विकास कॉलोनी के पास शीला इंडस्ट्रीज के नजदीक पहुंची, जहां तेज रफ्तार से आ रही काली स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। पूजा ने बताया कि टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो में गांव रावर का लखविंद सिंह सवार था, जिसे उन्होंने पहचान लिया। भीड़ इक्ठा होने पर लखविंद्र मौके से भाग गया। इस हादसे में पूजा की एक्टिवा भी क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# खिलाड़ी विभागीय पोर्टल पर 10 जनवरी तक करें आवेदन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में प्रतिभागी रहे व पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये उपलब्धियां एक जनवरी, 2023 से 31 मार्च, 2024 के बीच की अवधि की होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हर साल खेल विभाग की ओर से पदक विजेता खिलाड़ियों को स्कोलरशिप दी जाती है। इस बार भी स्कोलरशिप के लिए 30 जुलाई, 2024 तक आवेदन मांगे गए थे। लेकिन बहुत से खिलाड़ी आवेदन करने से वंचित रह गए थे। जिस कारण खेल विभाग ने अब एक जनवरी, 2025 से 10 जनवरी, 2025 तक खिलाड़ियों को आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया है। जिसके लिए नेशनल एवं इंटरनेशनल खेलों में पदक विजेता व भाग लेने वाले खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र हरियाणास्पोर्टस.जीओवी.इन वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। खिलाड़ी जिला खेल अधिकारी कार्यालय में दस जनवरी तक आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके बाद उनको और कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का दौरा स्थगित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल का दौरा खराब मौसम के चलते टाल दिया गया। इस कारण स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित किए गए तीन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन नहीं हो सका। अब यह कार्यक्रम नई तारीख में होगा। इनमें सेक्टर-32 का मॉडर्न इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-9 का क्रिकेट ग्राउंड और शक्ति कॉलोनी का महिला आश्रम शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट्स पर कुल 59 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। मंत्री के आगमन के लिए सभी तैयारियां पूरी थीं, लेकिन खराब मौसम ने उद्घाटन पर विराम लगा दिया। करनाल के सेक्टर-32 में 44 करोड़ रुपए की लागत से बना इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 2 एकड़ में फैला है। इस परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार एक ओलिंपिक स्तर का स्विमिंग पूल बनाया गया है, जो 50 मीटर लंबा और 25 मीटर चौड़ा है। इसमें 10 लेन की व्यवस्था है। स्विमिंग पूल में हीटिंग, फिल्ट्रेशन और लाइटिंग जैसी आधुनिक तकनीकें लगाई गई हैं। इसके साथ ही एक वार्मअप पूल भी है, जिसका साइज 25 मीटर गुणा 21 मीटर है। कॉम्प्लेक्स में 5 कोर्ट वाला बैडमिंटन हॉल, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शॉवर रूम, लॉकर रूम और गर्म पानी की सुविधा है। बच्चों के लिए विशेष रूप से जिम बनाया गया है। योगा और मेडिटेशन के लिए 12 गुणा 11 मीटर का हॉल और क्रॉस फिट के लिए अलग से व्यायामशाला है। दर्शकों के लिए 384 कुर्सियों सहित बैठने की व्यवस्था है। इसके अलावा तीन बड़े जिम हॉल और पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।

**खराब मौसम**


**स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित किए गए तीन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन नहीं हो सका**

# कोहरे में टकराए दो वाहन, थाना प्रभारी समेत चार घायल

**हिसार।** जिले के हांसी उपमंडल में धुंध के कारण दोनों वाहनों की टक्कर में एसएचओ सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हिसार रैफर कर दिया गया। घायलों में दो पुलिस कर्मचारी व दो अन्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात हांसी के जींद चौक के नजदीक पुलिस की गाड़ी और एक कार की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों गाड़ियां बुरा तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पुलिस की गाड़ी में सवार दो पुलिस कर्मियों और कार में सवार दो युवकों को गंभीर चोट आई है।

# चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवर किए चोरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** जिले में मकान से ताला तोड़कर चोरी हो गई। चोरों ने घर से हजारों रुपए नगदी और जेवर के साथ टीवी भी गायब कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। अमृतपुर कला गांव निवासी पीड़ित हैप्पी सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ पिछले 10 दिनों से अपनी ससुराल गया हुआ था। दिन के समय उनका चाचा मकान की देखभाल करता था, लेकिन रात में वह अपने घर सोने चला जाता था। 5 जनवरी की सुबह जब चाचा ने घर का निरीक्षण किया तो मकान के ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने तुरंत फोन कर हैप्पी को घटना की जानकारी दी। हैप्पी ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए। चोर एलईडी टीवी, 20 हजार रुपए नगद, चांदी की पायल की एक जोड़ी, बच्चों के कड़े और अन्य जेवरात चुरा ले गए थे। चोरी की इस वारदात के बाद पूरे परिवार में भय और आक्रोश का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी मंगलौरा से हेड कांस्टेबल विकास और सिपाही विजय मौके पर पहुंचे। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाकर फिंगरप्रिंट की जांच शुरू की गई। पुलिस ने कहा कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के इलाकों में भी पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी राममेहर ने बताया कि पुलिस ने हैप्पी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**जांच जारी**

**परिवार के साथ पिछले 10 दिनों से अपनी ससुराल गया हुआ था। दिन के समय चाचा मकान की देखभाल करता था**

# पीएम सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए हो रही है कारगर साबित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है।

# दो बच्चियों की मां ने किया सुसाइड, पति नाइट ड्यूटी पर था

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** जिले के एक गांव में एक विवाहिता ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का पति रात की ड्यूटी से सुबह करीब पांच बजे घर लौटा था और आकर लेट गया। महिला ने ऊपर वाले कमरे में सुसाइड किया। बड़ी बेटी जब ऊपर वाले कमरे में पहुंची तो दरवाजा बंद था। उसने अपने पापा को उठाया और बताया कि मम्मी दरवाजा नहीं खोल रही है और न ही कुछ बोल रही है। इसके बाद पति ऊपर कमरे में पहुंचा और किसी तरह से दरवाजा खोला। पत्नी फंदे से लटकी हुई थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की पहचान शेखपुरा खालसा गांव निवासी 35 वर्षीय अनु पत्नी सतेंद्र के रूप में हुई है। मृतका का पति करनाल में ही पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। वह रात को ड्यूटी पर गया हुआ था। सुबह करीब पांच बजे वह घर पर आया और लेट गया। इसी बीच विवाहिता ने कमरे में जाकर चुन्नी से फंदा लगा लिया। अब सुसाइड के कारण क्या रहे हैं, इसको लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों ने बताया कि यूपी निवासी अनु की शादी करीब 10 साल पहले सतेंद्र से हुई थी। शादी के बाद उसकी दो बेटियां है, जिसमें एक बेटी की उम्र 7 साल है तो दूसरी की 5 साल है। बचपन में ही दोनों बेटियों के सिर से मां का साया उठ गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। एफएसएल की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। उनकी तरफ से किसी तरह के आरोप नहीं लगाए गए है। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और शव को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घरौंडा थाना के प्रभारी दीपक ने बताया कि महिला ने सुसाइड किया है। महिला मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही थी। इस मामले में परिजनों के बयान पर 174 की कार्रवाई की गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**जांच जारी**

**महिला ने ऊपर वाले कमरे में सुसाइड किया। बड़ी बेटी जब ऊपर वाले कमरे में पहुंची तो दरवाजा बंद था**

# महिला से छेड़छाड,विरोध करने पर पीटा, बेटी को उठाने-जान से मारने की दी धमकी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में एक महिला के साथ मंदिर परिसर में मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़िता गुरु गौरख नाथ मंदिर में सेवा कर रही थी। इसी दौरान आरोपी और उसके बेटे ने कुछ लोगों के साथ मिलकर मारपीट की और अश्लील हरकतें करने लगे। पीड़िता ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी और मंदिर को तोड़ने? की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि वह मंदिर में पूजा संबंधी कार्य कर रही थी, तभी सत्यवान और उसके साथियों ने वहां आकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गलत इरादे से छुआ। जब उन्होंने इसका विरोध कियाए तो आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मंदिर में मौजूद लोगों ने किसी तरह महिला को छुड़वाया। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों के हाथ में लोहे की रॉड थी और उन्होंने जाति-जाति बेटी को उठाने की धमकी भी दी। घटना से डरी हुई महिला अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर परेशान है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन आरोपियों ने उसके बावजूद भी उन्हें परेशान किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 5 जनवरी की शाम करीब 6 बजे फिर अपने साथियों के साथ फिर मंदिर में आ धमका और लड़ाई-झगड़ा करने लगा। घटना के दौरान करीब 15-20 लोग मौजूद थे। इसके बाद डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया, जिसने मौके पर आकर स्थिति को संभाला और आरोपियों को वहां से भगाया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति साधु बना हुआ है और घर से बाहर ही रहता है।

# संपादकीय

## कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन

**आज** की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी ऐप के सहारे आगे बढ़ने लगे हैं। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरे में लाने का काम करेगा, यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे है। इसमें कोई दोराय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को भोथरा करने में ही सहायक सिद्ध हो रहा है। यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करो तो वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म पर तलाशती है। हालांकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट पर उपलब्ध है निश्चित रूप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरीज और मॉडल पेपर का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौन सा लिंक अधिक सटीक है, यह समझना मुश्किल हो जाता है। दरअसल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगण्य हो जाती है। युवा समझने लगता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ-साफ देखा जा सकता है। सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण-2024 में यह सामने आया है कि युवा पीढ़ी डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को कॉपी पेस्ट कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। इस सर्वेक्षण के अनुसार देश में उत्तराखंड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखंड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। बिहार दूसरे क्रम पर हैं। यहां के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। यह समझने की जरूरत है कि बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त अध्ययन होती है। सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने-पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। उससे लिए गूगल गुरु ही पूजनीय है। ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी है। सोशल मीडिया में भी शार्टकट मैसेज का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। इस समय सोशल मीडिया पर डब्ल्यूटीएफ का चलन जोरों से पर है। डब्ल्यूटीएफ का सीधा अर्थ है क्या मजाक है। इसका प्रयोग चीन से आ रही डरावनी बीमारी की खबरों में किया जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना होगा।

# सीएम योगी आदित्यनाथ की तपस्या का महाकुंभ

संजय सक्सेना

> महाकुंभ का आगाज नजर आने लगा है। सुसज्जित रथों, बग्घियों पर सवार नागाओं, संगम की रेती पर 22 दिंसबर 2025 को श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों, नागा सन्यासियों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली तो उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उमड़ पड़े। विविध रूप वाले बाबाओं को देखने के लिए लोग कतारबद्ध खड़े रहे। रास्ते भर नागा सन्यासियों के दल शस्त्रों, लाठियों से कलाबाजियां भी करते रहे। छतों, बारजों से पुष्पों की वर्षा होती रही। मड़ौका उपरहार से दिन के 12 बजे भगवान सिद्ध गणेश के पूजन के साथ रथों, बग्घियों, सुसज्जित घोड़ों पर सवार होकर आवाहन अखाड़े के संतों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली।

**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीब आठ वर्ष के शासनकाल में राज्य की तस्वीर काफी बदल गई है। इस बदलाव का आगाज 2017 से उनके पहली बार सीएम बनने के बाद दिखने लगा था जो आज नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। खास बात यह है कि पिछले आठ वर्षो में योगी की कार्यशैली और तेवर में कोई बदलाव नहीं आया है। न वह रूके हैं,न थके हैं। लॉ एंड आर्डर, महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा, अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, आज भी उनकी प्राथमिकता में है। बुलडोजर को उनकी दूसरी इनिंग में भी आराम नहीं दिया गया था। यह सब तो प्रशासनिक स्तर पर हो रहा है, वहीं योगी, प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को भी वह अपने अंदाज में नया आयाम दे रहे हैं। योगी के पहले कार्यकाल में 2019 में प्रयागराज में शानदार अर्धकुंभ का आयोजन और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के मंदिर का जीणोर्धार खास रहा तो 05 अगस्त 2020 को उनका प्रधानमंत्री के साथ अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के मंदिर की आधारशिला रखना भी सनातन प्रेमियों के लिये ह्यमिल का पत्थरह्न साबित हुआ। इसके करीब सवा साल बाद 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के फेज-1 का उद्घाटन किया तो इस मौके पर भी योगी, पीएम मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाये खड़े नजर आये। हिंदू धर्म के लिहाज से देखें तो काशी का ज्योतिर्लिंग 12 में सबसे महत्वपूर्ण है। इस कॉरिडोर की नींव खुद पीएम मोदी ने 8 मार्च 2019 को रखी थी।

बात दूसरे कार्यकाल की कि जाये तो यह भी शानदार चल रहा है। 22 जनवरी 2024 को रामलाल के मंदिर का उदघाटन करके मोदी के साथ-साथ योगी ने भी करोड़ों सतातन प्रेमियों रामभक्त हिन्दुओं का दिल जीत लिया। अभी कुछ दिनों पूर्व ही योगी ने प्रदेश के पांच जिलों के मंदिरों के विकास का ऐलान किया है। इसमें लखीमपुर खीरी से उन्नाव हरदोई फरुर्खाबाद जैसे पांच बड़े जिलों के मंदिरों को शामिल किया गया है। इसके लिए करोड़ों रुपये का बजट घोषित किया गया है, ताकि मथुरा, काशी और अयोध्या जैसा भव्य स्वरूप इन धार्मिक स्थलों को



दिया जा सके। मगर सबसे खास है प्रयागराज में होने जा रहा महाकुंभ-2025,जिसका वर्णन हिंदू पौराणिक कथाओं में निहित है। यह दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक समागम और आस्था का सामूहिक आयोजन है। इस समागम में मुख्य रूप से तपस्वी, संत, साधु, साध्वियाँ, कल्पवासी और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। कुंभ मेला एक ऐसा आयोजन है जो आंतरिक रूप से खगोल विज्ञान, ज्योतिष, आध्यात्मिकता, अनुष्ठानिक परंपराओं और सामाजिक-सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं के विज्ञान को समाहित करता है, जिससे यह ज्ञान में बेहद समृद्ध हो जाता है। वैसे तो महाकुंभ मेला-2025 प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने रहा है,लेकिन इसकी तैयारियां तीन साल पहले योगी सरकार ने 2022 में दूसरी बार सरकार बनाने के साथ ही शुरू कर दी थी। योगी ने महाकुंभ को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। इधर तो शायद ही कोई दिन ऐसा गया होगा जब योगी ने महाकुंभ के कार्यो की समीक्षा नहीं की होगी। इस कुंभ को योगी की तीन साल की तपस्या का महाकुंभ कहा जाये तो गलत नहीं होगा।महाकुंभ की तैयारियां अब अंतिम पड़ाव पर हैं।

**योगी ने जारी किया महाकुंभ का प्रतीक चिन्ह**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 06 अक्टूबर 2024 को प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण साथ ही वेबसाइट और ऐप को भी लॉन्च किया। महाकुंभ के लोगो का उपयोग महाकुंभ की वेबसाइट और ऐप के साथ अन्य प्रचार माध्यमों में किया जाएगा। वेबसाइट और ऐप श्रद्धालुओं और पर्यटकों के वायु, रेल और सड़क मार्ग से महाकुंभ पहुंचने में काफी कारगर रहने वाला है। इसके माध्यम से प्रयागराज में आवास, स्थानीय परिवहन, पार्किंग, घाटों तक पहुंचने के दिशा-निर्देश आदि की जानकारी मिल सकेगी। इसमें स्थानीय और आसपास के पर्यटन स्थलों की भी जानकारी होगी. मेला स्थल और धार्मिक गतिविधियों से जुड़ी हुई जानकारी इसके जरिए दी जाएगी।

**महाकुंभ से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

पर्यटन के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने की योगी सरकार की उम्मीदों का आधार इस बार प्रयागराज में लगने वाला महाकुंभ बनता दिख रहा है। पिछले डेढ़ दशक के पन्ने पलटे तो यूपी में सबसे अधिक 58 करोड़ से अधिक पर्यटन 2019 में यूपी में आए थे। इसमें 24 करोड़ से अधिक की हिस्सेदारी लगभग डेढ़ महीने तक चले प्रयागराज कुंभ की थी। इसलिए, 13 जनवरी से शुरू हो रहे प्रयागराज महाकुंभ में लगने वाली आस्था की डुबकी से यूपी की अर्थव्यवस्था को ह्यअर्थह्न के अमृत की आस है। माना जा रहा है कि महाकुंभ में इस बार 40 से 45 करोड़ श्रद्धालु आएंगे। मानवता की इस सबसे बड़ी जुटान के भरोसे प्रदेश में 2025 में कुल पर्यटन की संख्या 65 से 70 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। महाकुंभ में व्यवस्थागत तैयारियों पर 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। अलग-अलग देशों में भी ब्रांडिंग का असर यह है कि यूरोपीय देश के नागरिक भी महाकुंभ आने या जानकारी हासिल करने के लिये उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं महाकुंभ की आभा पर मां गंगा की कृपा बरसने लगी है। संगम पर गंगा मैइया ने लगभग 300 मीटर स्नान घाट के विस्तार का अवसर दे दिया। ठीक संगम नोज के सामने यह जगह मिल गई है। इससे संगम का स्नान घाट लगभग पांच हजार रनिंग फीट हो जाएगा, जो पहले लगभग साढ़े तीन हजार रनिंग फीट तक ही हो पा रहा था।

**फेक न्यूज रोकने को डिजिटल वारियर्स**

महाकुंभ में कोई व्यवधान नहीं खड़ा कर पाये इसलिये फेक न्यूज के खिलाफ अभियान चलाने,साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को इंटरनेट मीडिया के विभिन प्लेटफार्म पर प्रसारित करने के लिए डिजिटल वारियर्स को तैनात किया गया है। इसके लिए युवा पीढ़ी के इंटरनेट मीडिया इन्फ्लूएंसर्स एवं कालेज के छात्रों को जोड़ा गया है। वहीं महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सटीक गिनती के लिए एआई से लैस कैमरे लगाए गये हैं। योगी सरकार का कहना है कि प्रयागराज में हर 6 साल पर होने वाले कुम्भ या 12 साल पर होने वाले महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सही संख्या गिनने की अभी तक कोई सटीक तकनीक नहीं थी।

**अस्त्र-शस्त्र संग आवाहन अखाड़े का छावनी प्रवेश**

महाकुंभ का आगाज नजर आने लगा है। सुसज्जित रथों, बग्घियों पर सवार नागाओं, संगम की रेती पर 22 दिंसबर 2025 को श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों, नागा सन्यासियों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली तो उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उमड़ पड़े। विविध रूप वाले बाबाओं को देखने के लिए लोग कतारबद्ध खड़े रहे। रास्ते भर नागा सन्यासियों के दल शस्त्रों, लाठियों से कलाबाजियां भी करते रहे। छतों, बारजों से पुष्पों की वर्षा होती रही। मड़ौका उपरहार से दिन के 12 बजे भगवान सिद्ध गणेश के पूजन के साथ रथों, बग्घियों, सुसज्जित घोड़ों पर सवार होकर आवाहन अखाड़े के संतों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली।

# कविता

## चुभें ऑलपिन-सा सदा

बहरूपियों के गाँव में, कहें किसे अब मीत।
अपना बनकर लूटते, रचकर झूठी प्रीत॥

भाई-भाई में हुई, जब से है तकरार।
मजे पड़ोसी ले रहे, काँधे बैठे यार॥

मानवता है मर चुकी, बढ़े न कोई हाथ।
भाई के भाई यहाँ, रहा न 'सौरभ' साथ॥

भाई-बहना-सा नहीं, दूजा पावन प्यार।
जहाँ न कोई स्वार्थ है, ना बदले का खार॥

शायद जुगनू की लगी, है सूरज से होड़।
तभी रात है कर रही, रोज नये गठजोड़॥

रोज बैठकर पास में, करते आपस बात।
'सौभ' फिर भी है नहीं, सच्चे मन जज्बात॥

'सौरभ' सब को जो रखे, जोड़े एक समान।
चुभें ऑलपिन से सदा, वह सच्चे इंसान॥

सीख भला अभिमन्यु ले, लाख तरह के दाँव।
कदम-कदम पर छल बिछें, ठहर सके ना पाँव॥

जो खुद से ही चोर है, करे चोर अभिषेक।
उठती उंगली और पर, रखती कहाँ विवेक॥

-डॉ सत्यवान

## नेताओं का ' सॉफ्ट टारगेट ' क्यों होती हैं महिलाएं

**राकेश**

**दुनिया की** राजनीति में महिलाएं ही ' सॉफ्ट टारगेट ' क्यों होती हैं ? इस यक्ष प्रश्न का उत्तर कोई दे नहीं पाया है ,यहां तक कि खुद महिलाएं भी। महिलाएं नेताओं की बदजुबानी का रोज शिकार बनतीं हैं लेकिन वे इसका प्रतिरोध नहीं कर पातीं क्योंकि महिलाएं भी एकजुट नहीं हैं। उनका इस्तेमाल ' शो पीस ' से ज्यादा नहीं है। इस मामले में भारत के तमाम राजनीतिक दल एक से बढ़कर एक हैं। आजकल देश की सबसे ज्यादा संस्कारवान पार्टी महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने में सबसे आगे हैं। महिलौओं के सम्मान और अपमान के बारे में सभी राजनीतिक दल समाजवादी हैं ,यानि उनकी धारणा लगभग एक जैसी है। जो बात बरसों पहले आरजेडी के लालू प्रसाद यादव ने कही थी वो ही बात आज भाजपा के महाभद्र नेता रमेश बिधूड़ी ने कही है ,इसलिए मुझे न कोई हैरानी हुई और न रंज। लालू प्रसाद यादव ने पटना की सड़कों को भाजपा सांसद और स्वप्न सुंदरी रह चुकी हेमामालिनी के गालों जैसा बनाने की बात कही थी । रमेश बिधूड़ी ने इसी काम के लिए प्रियंका वाड्रा का इस्तेमाल किया है। बिधूड़ी ने कहा कि यदि भाजपा दिल्ली विधानसभा के चुनावों में सत्ता में आयी तो काका जी की सड़कों को प्रियंका के गलों जैसा खूबसूरत बना देगी। अब ये बात अलग है कि क्या नौ मन तेल होगा और क्या राधा नाचेगी ? रमेश बिधूड़ी को आपने संसद में सुभाषित भाषा में भाषण देते सुना ही होगा, उन्होंने बसपा सांसदडेनिश अली को क्या कह कर अपमानित किया था ? वो शायद ही कोई भूला हो। रमेश बिधूड़ी अनाड़ी नहीं हैं। पढ़े-लिखे हैं। स्नातक हैं ,विधि स्नातक भी हैं , तीन बच्चों के बाप हैं और तीन बार के विधायक भी। सांसद तो हैं ही इसलिए उनके अनुभव पर मै क्या ,कोई भी ऊँगली नहीं उठा सकता। उन्होंने दिल्ली विश्व विद्यालय और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से कौन सी भाषा सीखी है इसका प्रमाण देने की भी जरूरत नहीं है। कांग्रेस स्वाभाविक रूप से बिधूड़ी के ब्यान पर उखड़ी हुई है किन्तु मुझे बिधूड़ी पर दया आती है। दया आती है भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर जो बिधूड़ी को झेल रही है ,हालाँकि भाजपा ही वो पार्टी है जो लोकसभा में नारी शक्ति बंदन विधेयक लाती है। देश की सड़कें हेमा मालिनी के गालों जैसीं बनें या प्रियंका के गलों जैसीं ,इसका निर्धारण तो भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर सकते है। प्रदेशों में ये काम लोक निर्माण मंत्रियों का है लेकिन इस बारे में कभी किसी सरकार ने कोई नीति निर्धारित नहीं की है ,इसलिए मुझे संदेह है कि रमेश बिधूड़ी का सपना पूरा होगा। लालू यादव का सपना पूरा नहीं हुआ। देश की और डबल इंजिन की कोई भी सरकार सड़कों को किसी हीरोइन या नेता के गालों जैसा बनवा ही नहीं सकती। क्योंकि ये असम्भव काम है। सड़कों की तुलना महिलाओं के गालों से करने वाले महिलाओं का कितना सम्मान और बंदना करते हैं ये बताने की जरूरत नहीं।

# विचार

## छात्रों के समग्र विकास की विकास की पहल

**विजय गर्ग**

**राष्ट्रीय शिक्षा** नीति 2020 में एक समग्र एवं बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के माध्यम से छात्रों के सर्वांगिण विकास को सुनिश्चित करने को प्रमुख लक्ष्य के रूप में रखा गया है। शिक्षा नीति के परिच्छेद 11.1 एवं 11.3 में उल्लिखित है, 'भारत में समग्र एवं बहु-विषयक तरीके से सीखने की एक प्राचीन परंपरा है एक समग्र और बहु- विषयक शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य की सभी क्षमताओं-बौद्धिक, सौंदर्यात्मक, सामाजिक, शारीरिक, भावात्मक तथा नैतिक को एकीकृत तरीके से विकसित करना होगा। विभिन्न नवाचारों के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों को छात्रों के समग्र विकास में सहायक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनका उद्देश्य छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना, विभिन्न शैक्षणिक दबाव, व्यवहार संबंधी मुद्दों, तनाव, करियर संबंधी चिंताओं, अवसाद सहित छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सभी समस्याओं का निवारण करना, छात्रों में सकारात्मक सोच और भावनाएं पैदा करना तथा छात्रों के लिए एक सकारात्मक और सहायक संरचना को बढ़ावा देना है। इसके लिए आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर में छात्र सेवा केंद्र (एसएससी) स्थापित करने का सुझाव दिया है। इन सेवा केंद्रों का कार्य छात्रों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप शारीरिक- मानसिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उनकी तत्संबंधी समस्याओं का समाधान करना होगा। इसके लिए छात्र सेवा केंद्रों को अपने शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक तथा संबंधित उपकरण रखने होंगे, जिससे छात्रों को ठीक प्रकार से सहायता प्रदन की जा सके। साथ ही यह सेवा केंद्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्रों से भी निरंतर संपर्क और सहयोग बनाए रखेंगे। दिशानिदेर्शों में यह भी कहा गया है कि छात्र सेवा केंद्र समय-समय पर काउंसलिंग करियर मार्गदर्शन, शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर संवाद सत्र का आयोजन भी करेंगे। 'छात्र सेवा केंद्र' उच्च शिक्षण संस्थानों मैं छात्रों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास से संबंधित विषयों के लिए एकल व्यवस्था के रूप में कार्य करेगा। विचार करें तो बदलते समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में छात्रों चुनौतियाँ और कठिनाइयों का स्वरूप भी बदल रहा है आज के द्रुतगामी समय के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ना छात्रों के लिए एक बड़ी चुनती है। जीवन में तकनीक के प्रवेश ने संभावनाओं के नूतन गवाक्ष अवश्य खेले हैं, किंतु उन गवाक्षों से विकास की बयार के साथ- साथ नई-नई समस्याओं के कुछ तेज झोंके भी आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर स्मार्टफोन और इंटरनेट ने छात्रों के लिए ज्ञान प्राप्ति के दायरे को निस्संदेह बहुत विस्तृत किया है, किंतु इसपर अतिशय निर्भरता छात्रों के शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास के लिए समस्या भी बन रही है। फोन, टैब जैसे उपकरणों पर अधिक समय देना छात्रों की शारीरिक-मानसिक गतिविधियों को कुंद कर रहा है। छात्रों की ऊर्जस्वी सक्रियता, एकाग्रता, विषय को समझने की क्षमता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जो कि उनकी शैक्षिक प्रगति को बाधित करता है। छात्र ये चीजें समझ नहीं पाते, परंतु इससे अपनी क्षति करते रहते हैं। इसके साथ ही बढ़ती उम्र के साथ अपने भीतर आ रहे शारीरिक- मानसिक परिवर्तनों को जानने-समझने के प्रति भी छात्रों में बहुधा जागरूकता का अभाव ही देखने को मिलता है। वे अपने भीतर परिवर्तन अनुभव करते हैं, नई अनुभूतियां उनके मन में जगती हैं, किंतु ऐसा क्यूँ हो रहा है और इसके साथ स्वयं को कैसे ढाला जाए, इसे वे ठीक से समझ नहीं पाते। परिणामतः बहुत से छात्र इन परिवर्तनों के प्रति सहज नहीं हो पाते, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है अब बिना उत्तम स्वास्थ्य के शैक्षिक विकास भला कैसे हो सकता है?


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## वेदों उपनिषद हमारे ज्ञान और ऊर्जा के बड़े स्त्रोत

**संजीव**

**भारतीय ऋग्**वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं।

इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी'गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,
टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन सामाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो'जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

## चाय का चक्कर

**डॉ. सुरेश कुमार**

एक दिन मैं और मेरे मित्र, विकास जी, एक सरकारी दफ्तर में गए थे। दफ्तर में पहुंचते ही यह खबर फैल गई कि किसी बड़े आदमी के साथ कोई राजनेता दफ्तर में आया है। खैर, यह खबर जल्द ही बड़े साहब के कानों तक पहुंच गई होगी, जो एक अनुभवी अधिकारी थे। साहब ने अपनी डेली ड्यूटी के दस्तावेजों को पलटते हुए एक पल के लिए सोचा होगा, "अगर कोई राजनेता दफ्तर में आए, तो क्या करना चाहिए?" और फिर, साहब ने सोचा होगा–"उसे चाय जरूर पिलानी चाहिए।" उनके दिमाग में और भी विचार आए होंगे–"अगर उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति हो तो उसे भी चाय पिलानी चाहिए।" उन्होंने फिर बड़े बाबू को आदेश दिया, "जब इनका काम खत्म हो जाए, तो उन्हें चाय के लिए ले आइए।" हमारा काम खत्म हुआ तो बड़े बाबू ने कहा, "साहब के साथ चाय पी लीजिए।" चाय पीने का अनुभव मेरे लिए नया नहीं था, लेकिन सरकारी अधिकारियों के साथ चाय पीने का ख्याल मुझे थोड़ी घबराहट दे रहा था। फिर भी, सोचा, यह अनुभव कुछ नया हो सकता है। हम दोनों साहब के कमरे में दाखिल हुए। साहब के चेहरे पर एक हल्की मुस्कान फैली हुई थी, जो कि किसी सरकारी अधिकारी की विशेष मुस्कान थी–अत्यधिक विनम्रता और ढ़ोंग का मिश्रण। साहब ने मुस्कराते हुए पूछा, "क्या हाल हैं, शर्मा जी?" उनका सवाल इतना सामान्य था कि एक ही शब्द में इसका उत्तर दिया जा सकता था–"सब ठीक है।" शर्मा जी ने हलका सा उत्तर दिया और फिर साहब ने मेरी ओर रुख किया, "और आप, मिश्रा जी, आपका काम कैसा चल रहा है?" मैंने भी उसी रूटीन तरीके से जवाब दिया–"सब ठीक है।" अब सवाल उठता है, जब कोई सरकारी अधिकारी बात करने के लिए कुछ नहीं चाहता, तो क्या किया जाए? हम तीनों की नजरें दरवाजे पर थीं। हम तीनों चाय के इंतजार में थे। लेकिन चाय का क्या? चाय तो थी ही नहीं। चपरासी, जो चाय लाने गया था, हमारी ओर देखकर दुश्मन जैसा व्यवहार कर रहा था। वह चाय के लिए इतना दूर क्यों गया था? और चाय आ भी रही थी या नहीं, इस पर कोई कुछ नहीं कह पा रहा था।

## न्यूज फ्लैश

### श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उत्सव गाँव तंगोर में खिलाड़ियों को रियल जूस किया गया वितरित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा सिख धर्म के दसवे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गाँव तंगोर के ज्ञान ज्योति सीनियर पब्लिक स्कूल की खेल नर्सरी के खिलाड़ियों को रियल जूस वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने किया उन्होंने बताया की आज हम सभी महान योद्धा, सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मना रहे हैं।गुरु जी ने न केवल धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान दिया, बल्कि हमें एक ऐसा जीवन जीने का मार्ग दिखाया जो साहस, बलिदान और सच्चाई से भरा हो। "चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊं, तबी गोबिंद सिंह नाम कहाऊं।"
सभी को गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।
वाहेगुरु जी का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे। विद्यालय वह खेल नर्सरी के संचालक जसबीर राणा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और वीरता के प्रतीक, सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर कोटि-कोटि नमन।गुरु पर्व खुशियों का पर्व है । इसे हमें मिल-जुल कर सबके साथ मनाना चाहिए जिससे हमारी खुशियां दुगुनी हो जाती है । सेवा ट्रस्ट यूके ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से गाँव तंगोर में जूस वितरित इस अवसर पर खेल नर्सरी के सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

### प्रकाश पूरब बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार से मनाया



**सोनीपत** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क सोनीपत में श्री गुरु गोविंद सिंह जी का पवन प्रकाश पूरब बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार से मनाया गया। सुबह अखंड पाठ साहब की समाप्ति के उपरांत स्त्री सत्संग सभा द्वारा कीर्तन किया गया। उसके पश्चात गुरु के कीर्तनीय भाई करतार सिंह द्वारा संगत को कीर्तन द्वारा निहाल किया गया। ढाडी तथा ज्ञानी सतनाम सिंह खालसा ने संगत को गुर इतिहास श्रवण कराया। गुरुजी का जन्म 1666 ईस्वी में पटना साहिब में हुआ गुरु जी के जन्म के समय उनके पिता श्री गुरु तेग बहादुर साहब असम की यात्रा पर गए हुए थे। 9 साल की आयु में ही गुरु जी ने अपने पिता को धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश बलिदान करने के लिए प्रेरित किया। गुरुजी सभी धर्म का सम्मान करते थे। उन्होंने अपनी वाणी में लिखा है 'मानस की जात सभे एक पहचान बो' गुरुजी जितने बड़े योद्धा थे उतने ही बड़े कवि भी थे उन्होंने अपने जीवन दौरान अनेक रचनाएं लिखी जैसे जाप साहिब चौपाई साहब तब प्रसाद सवैए विचित्र नाटक चंडी की वार इत्यादि। मानवीय मूल्यों और धर्म की रक्षा अपने जीवन दौरान गुरु जी ने कई युद्ध किया। 1699 को बैसाखी वाले दिन गुरु जी ने खालसा पंथ की साजना की। गुरुजी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहब के प्रधान कुलदीप सिंह ने संगत को बधाई दी। समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया ।इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह गुरजीत सिंह जसवीर सिंह मनजीत सिंह गुरदीप सिंह दलजीत सिंह धियान सिंह कलसी दलजीत सिंह एवं राकेश सचदेवा उपस्थित रहे।

# अम्बाला में धूमधाम से मनाया गुरु गोबिंद सिहं जी का प्रकाशपर्व

## दिनभर हजारों की संख्या में संगत मत्था टेकने पहुंची और गुरु से सुख-समृद्धि के लिए अरदास की

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** खालसा पंथ के संस्थापक और सिख समुदाय के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब व गुरुद्वारा मंजी साहिब में दर्शन करने के लिए संगत ने पहुंचना शुरू कर दिया। इसके साथ ही शहर के अन्य गुरुद्वारों में भी दिनभर कई कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर मुख्य कार्यक्रम बादशाही बाग औश्र गुरुद्वारा मंजी साहिब में विशेष दीवान सजाए गए। जिसमें सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कई कार्यक्रम आयोजित हुए। रागी जत्थों ने गुरबाणी के साथ सिख इतिहास के बारे में संगत को जानकारी दी। वहीं, गुरु के बताए मार्ग



पर चलने आह्वान किया। इस दौरान पंजाब व दूर दराज से आए रागी जत्थों व कथावाचकों ने गुरु इतिहास और खालसा पंथ की स्थापना के बारे में बताया।

दिनभर हजारों की संख्या में संगत मत्था टेकने पहुंची और गुरु से सुख-समृद्धि के लिए अरदास की। गुरु के दर्शनों के लिए पहुंची संगत के लिए लंगर भी लगाया था, बड़ी संख्या में संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण कर गुरु का गुणगान किया। दिन के समय दीवान में ज्ञानी साहिब सिंह शाहबाद वाले, भाई कुलवंत सिंह, सिंह साहिब ज्ञानी जगतार सिंह तख्त श्री दमदमा साहिब, भाई गुरइंद्रदीप सिंह बादशाही बाग वाले, भाई मेहर सिंह मीत अंबाला वाले, भाई सुखदेव सिंह अंबाला वाले, भाई सुखप्रीत सिंह बादशाही बाग, भाई दविंद्र सिंह अंबाला वाले व भाई यशकरण सिंह ने संगत को गुरबाणी कीर्तन व कथा से निहाल किया।

**कीर्तन**

▶▶ सुबह से ही गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब व गुरुद्वारा मंजी साहिब में दर्शन करने के लिए संगत पहुंचे

गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब में शाम के समय भी दीवान सजाए जाएंगे। सेवादार प्रीतम सिंह ने बताया कि शाम के दीवान में दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई गुरभेज सिंह, भाई सुरेंद्र सिंह बीबी कौलां जी, श्री अमृतसर वाले, तख्त श्री केसगढ़ साहिब से भाई गुरबाज सिंह व दिल्ली से भई अवनीत सिंह जी संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल करेंगे।

## सर्दी का मौसम है तो खादी कपड़ों की भी अच्छी खासी डिमांड

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सर्दी का मौसम है तो खादी कपड़ों की भी अच्छी खासी डिमांड है। खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर का संचालन कर रहे सचिव सतपाल सैनी ने कहा कि खादी से सामाजिक रिश्तों के साथ राष्ट्रीयता का भी आज के युवाओं एवं बच्चों को भी अहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तीर्थों की संगम स्थली कुरुक्षेत्र का खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर अपनी मेहनत से उत्तर भारत सहित राष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष पहचान बना चुका है। उनका मानना है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना खादी ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ब्रांड के रूप में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी खादी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से नई वस्त्र नीति बनाई जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खादी वस्त्रों का न केवल



देश में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विकास हो रहा है। वास्तव में खादी को एक नई उड़ान मिल रही है और लाखों करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अन्य राज्यों में खादी वस्त्रों की बिक्री पर अधिक विशेष छूट देने की घोषणा होती है। हरियाणा में भी खादी की बिक्री पर विशेष छूट बढ़ा कर लोगों को अधिक से अधिक जोड़ना चाहिए। सैनी ने कहा कि सरकार साथ हम सभी को मिलकर खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उ

## रास्ते में खराब हो गई थी गाड़ी, चोरी गाड़ी को चुरा ले गए

**सोनीपतछ कुंडली** थाना क्षेत्र के नाथूपुर के पास से खराब गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार चालक महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। किंग्सबरी निवासी भक्ति गुप्ता ने बताया कि वह ड्यूटी से लौट रही थी तो नाथूपुर मोड़ के पास उनकी कार खराब हो गई। वह कार को लॉक कर घर चली गई। जब सुबह वापस आकर देखा तो कार वहां नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। कार को कोई चोरी कर ले गया।

# पुलिस ने ग्रामवासियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में पानीपत पुलिस ने नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत सोमवार को कारकौली गांव में ग्रामवासियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत व मौजिज लोगों के सहयोग से कारकौली गांव आज नशा मुक्त घोषित हो गया है। यह गांव अब जिला के नशा मुक्त घोषित गांव की श्रेणी में शामिल हो गया है। ग्राम पंचायत व आमजन के सहयोग से अब तक जिला पानीपत के 106 गांव व 41 कालोनियां नशा मुक्त घोषित हो चुकी है। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक



समालखा नरेंद्र सिंह ने बताया कि टीम ने ग्रामवासियों को नशे के दुष्परिणों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान होता है। नशा हमारे शरीर की शक्ति को खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। अगर शरीर को नशे की लत पड़ जाती है तो वह इतनी आसानी से नहीं छुटती। नशा अच्छे भले शरीर को कंकाल बना देता है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नही है। इसलिए हमें स्वयं भी और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा की युवा हमारे देश का भविष्य है। युवा नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में अपना भविष्य सवारें। युवाओं में खेलों के प्रति रूचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। समाज से नशे को खत्म करना हमारी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में पानीपत पुलिस जिला को नशा मुक्त बनाने में भरसक प्रयासरत है। आमजन इस मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पुलिस का सहयोग करें।

## 04 फरवरी अम्बाला कैंट में होगी अग्निवीर की भर्ती

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र।** अम्बाला कैंट के खडगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण, फिजिकल एवं मेडिकल का आयोजन 4 से 8 फरवरी तक किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में हरियाणा के अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वे पुरुष अभ्यार्थी जो की प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुए हैं, वे भाग ले सकते हैं।
बोर्ड के प्रवक्ता की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रथम चरण के सभी चयनित अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 20 दिसम्बर को जारी कर दिये गये हैं। सभी उम्मीदवार को सूचित किया जाता हैं कि भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइनइंडिया आर्मीडॉटजीओवीडॉटइन पर उम्मीदवार लॉग इन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। इसी प्रकार से 09 फरवरी से 10 फरवरी तक इसी स्थल पर दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की अग्निवीर महिला (मिलिट्री पुलिस) अभ्यार्थियों की भी भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा। इनके एडमिट कार्ड शीघ्र ही जारी किये जाएंगे। किसी भी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या आती हैं तो मुख्यालय भर्ती कार्यालय अम्बाला के जानकारी कक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे के बीच में संपर्क कर सकते हैं, ताकि आपकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

# बच्चों में सेवा की भावना होगी तो समाज के प्रति अपने कर्तव्य को भी समझेंगे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र, :** बच्चों में सेवा की भावना होगी तो समाज के प्रति अपने कर्तव्य को भी समझेंगे। बच्चों को केवल सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शिविर का आयोजन किया जाता है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का चौथा दिन भी काफी उत्साह पूर्ण रहा। सुबह की शुरूआत लक्ष्य गान व



योगाभ्यास द्वारा छात्राओं से करवाई गई। इसके पश्चात सभी स्वयं सेवी छात्राओं के लिए परिचय सत्र रखा गया। जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं को स्टेज पर आकर अपनी बात कहने का अवसर दिया गया। दूसरे सत्र में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में योग गुरु योगेंद्र प्रमुख वक्ता रहे। योगेंद्र ने छात्राओं को अष्टांग योग तथा नियमित रूप से योगाभ्यास का महत्व बताया। उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं को अष्टांग योग भी करवाया। छात्राओं ने योग करते हुए पूर्ण जोश दिखाया। प्रमुख वक्ता योगेंद्र ने ध्यान केंद्रित करने के भी नियम तथा तरीके बताए। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक को किस तरह से सेवा के लिए अपने आप को समर्पित करना जरूरी है। राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण की सबसे आवश्यक बातें हैं कि तन, मन और उसके साथ सबसे जरूरी है आपकी मनोवृत्ति यानी इन तीनों के होने पर ही हम समाज या राष्ट्र के लिए कुछ कर सकते हैं। दूसरे सत्र में प्राध्यापिका मीनू ने स्वयं सेवा का महत्व भी बताया। स्कूल की सफाई अभियान में भी छात्राओं को शामिल किया गया। कार्यक्रम अधिकारी भावना की देखरेख में गतिविधियां संपन्न हुई। सुमन गौतम का सहयोग भी रहा।

# गीता विद्यालय के छात्रों को समर्पण के बारे में किया जागरुकः पुनीत डोडा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** आज श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने दीप प्रज्वलन करके हर रोज की तरह लक्ष्य गीत गाया। आज सभी स्वयंसेवकों द्वारा समर्पण का कार्य किया गया इसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।सभी स्वयंसेवक आज भ्रमण के लिए गए । आज एन. एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी पुनीत डोडा ने स्वयंसेवकों को बताया समर्पण



क्यों जरूरी है इसके बारे में बताया समर्पित होने से आप अपने समय का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं. और लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। और ये भी बताया की सुबह एक रोटी गाय की जरूर निकाले। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी पुनीत डोडा एवं सुशील शर्मा और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनोज उर्फ टीनू निवासी गोरड़ हाल में फाजिलपुर, प्रवीण उर्फ गंठा निवासी फाजिलपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। उप निरीक्षक विनीत की टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ रोड पर फाजिलपुर मोड़ पर मौजूद थी। उसी दौरान दोनों आरोपितों को संदिग्ध हालत में घूमते हुए पाया गया। टीम ने उन्हें काबू करके तलाशी ली।

# गीता विद्यालय में चल रहे 7 दिवसीय एन एस एस शिविर का समापन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्रीमद्भगवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन के अवसर पर विद्यालय के पूर्व आचार्य व पूर्व एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी व वर्तमान में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दें रहे संदीप चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एन.एस.एस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि संदीप चौधरी , प्रधानाचार्य अनिल मदान , अंग्रेजी आचार्य नरेन्द्र कौशिक एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी पुनीत डोडा ने माँ सरस्वती के




चरणों में दीप प्रज्वलन किया । सभी मुख्य अतिथियो को अंग वस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्वयंसेवक नवीन ने पुलवामा हमले में शहीदों पर कविता सुनाई और उसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करने के लिए पुर्व एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी संदीप ने बताया की एन.एस.एस का अर्थ क्या है दुसरो की सेवा करना वह सेवा सिर्फ फौज में जाकर ही नहीं अपितु सड़क नियमों की पालना करके एवं अपने आसपास की सफाई का ध्यान रख कर, नशे जैसी बुराई से स्वयं व समाज को बचाकर, जल संरक्षण द्वारा भी की जा सकती है । स्वयंसेवक सुधांशु ने चन्द्र शेखर आजाद के ऊपर कविता सुनाई और उसके उपरांत स्वयंसेवकों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान ने स्वयंसेवकों को एन.एस.एस के इतिहास के बारे में बताया और बताया की एन.एस.एस को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में पाठ्यक्रम के रूप में दर्जा दिया गया है उसके साथ साथ बच्चों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए शुभ आशीर्वाद दिया।

**सम्मानित**

▶▶ सभी मुख्य अतिथियो को अंग वस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया

# मनोहर लाल ने कर्ण कमल में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि करनाल मेरा घर है, यहां के लोगों ने मुझे सांसद चुना है। ऐसे में करनाल की जनता के बीच निरंतर आना-जाना रहता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनाव आयोग के साथ-साथ पार्टी ने भी चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। आज कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव



के संबंध में ही मुलाकात की। उनसे पार्टी कार्यालय में बातचीत की है। सभी लोग मिलकर चुनाव की तैयारी करेंगे।
दिल्ली चुनाव पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली चुनाव कभी भी घोषित हो सकते हैं। भाजपा ने उम्मीदवारों की अपनी एक लिस्ट जारी कर दी है। इस बार भाजपा दिल्ली में आगे है और हम चुनाव जीतने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, करनाल के विधायक जगमोहन आनन्द, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, असंध के विधायक योगेंद्र राणा ,नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीर पंथी ,भाजपा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज भूषण गुप्ता, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, भाजपा के जिला महामंत्री सुनील गोयल व जयभगवान सीकरी, मीना चौहान, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, पूर्व ओएसडी संजय बठला, अमरनाथ सौदा, अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी, पूर्व विधायक रमेश कुमार कश्यप, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, जगदेव पाढ़ा सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का प्रलोभन देकर

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत** पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर फ्रॉड बारें जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा



सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का तरीका भी सामने आया है। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में 1 से 2 घंटे तक काम करके हजारों रुपए प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। इस प्रकार के लुभावने ऑफर को देखकर लोग आसानी से इनके जाल में फस जाते है। इस प्रकार से दिया जा रहा है वारदात को अंजाम, फ्रॉड करने वाले भेजते है लिंक;
साइबर ठग पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब करने के लिए लोगों को एसएमएस, व्हाट्सएप, टेलीग्राम मैसेजिंग, वैबसाइट, मोबाइल एप वा अन्य माध्यमों से लिंक भेजते है और उस लिंक को आगे अन्य लोगों को फॉरवर्ड करके अधिक पैसा कमाने के लिए कहा जाता

## न्यूज फ्लैश

### संस्कृत गीतों पर लोक नृत्यों ने जमाया रंग




**समालखा:** पट्टी कल्याणा में आयोजित संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन में रात्रिकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इनमें संस्कृत गीतों पर लोकनृत्यों ने खूब रंग जमाया। एक घंटे से भी अधिक चले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति सुधीर चौधरी रहे। अध्यक्षता संस्कृत भारती न्यास के अध्यक्ष डॉ.रामनिवास ने की। मंच संचालन प्रांत शिक्षण प्रमुख डॉ.नवीन शर्मा ने किया। कैथल से पधारे छत्तीराम शास्त्री के पद्मपुराण से संकलित से स्त्रोत पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों के रागनी स्टाइल में संस्कृत में यक्ष युधिष्ठिर संवाद ने प्रतिभागियों को काफी प्रभावित किया। इसके बाद वद मित्रम् संस्कृत मित्रम् गीत की प्रस्तुति हुई। सिरसा से कपिश आदि ने भारतम् भारतं सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कठवाड़(कैथल) तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल की छात्राओं का संस्कृत गीत पर नृत्य की रही। रम्या रम्या संस्कृत भाषा, गीतांसी गायामि गीत पर तालियां खूब बजी।

### बोलोगे तभी तो सुना जायेगा : जयप्रकाश



**समालखा:** पट्टी कल्याणा में आयोजित संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन में बौद्धिक सत्र को अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि संस्कृत के प्रति खूब नेरेटिव रचा गया है। इसे संभाषण से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत कठिन भाषा है, संस्कृत को अशुद्ध बोला तो पाप लगेगा, संस्कृत व्यक्तिविशेष की भाषा है। यह बोलकर जन सामान्य से संस्कृत को दूर करने का प्रयास किया गया। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता का संस्कृत संभाषण में पारंगत होना होगा। बोलोगे तभी तो समाज और राष्ट्र सुनेगा। उन्होंने कहा कि भाषा व्यवहार आती है। ऐसे में व्यवहार में जितना ज्यादा संस्कृत को सुनाओगे, उतनी ही संस्कृत और मजबूत होती चली जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वामित्व का भाव धारण करे। सिर्फ स्वयं का विकास करने की सोच को छोड़कर समाज और राष्ट्र के विकास पर सजग रहें।

# संस्कृत प्रचार-प्रसार में सर्वजन भागीदारी का आह्वान

### दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन के दूसरे दिन यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का किया गया सम्मान

**सम्मान**

**संस्कृत में शपथ लेने वाले यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का भी सम्मान किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** प्रदेश के प्रत्येक घर-घर में संस्कृत की पहुंच हो। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा और लग्न के साथ कार्य करेंगे। इसी उद्घोष के साथ सोमवार को पट्टी कल्याणा के सेवा साधना ग्राम विकास केंद्र में संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन का समापन हो गया। सम्मेलन में विभिन्न दायित्वों की भी घोषणा की गई। समापन सत्र में विधानसभा में संस्कृत में शपथ लेने वाले यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का भी सम्मान किया गया। सोमवार को पट्टी कल्याणा के सेवा साधना आश्रम में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन के समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार रहे। अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष डॉ.सोमेश्वर दत्त ने की।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत को गांव- गांव, घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। हम क्या अच्छा कर सकते हैं। इस बारे में व्यापक चिंतन जरूरी है। सोचेंगे तो अवश्य ही नया कुछ रचित होगा। कार्यकर्ता को किसी नेतृत्व की आवश्यकता नहीं होती है। कार्यकर्ता के कार्य से नेतृत्व मजबूत बनता है। सम्मेलन के चर्चा सत्र में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने संस्कृत भारती की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत भारती संस्कृत को जनभाषा बनाने में प्रयासरत है। संस्कृत देव भाषा है। कार्यकर्ता इसे घर- घर तक पहुंचने का कार्य करें। संस्कृत के प्रति उनका समर्पण भी सदैव बना रहेगा। इस अवसर पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश, अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख हुल्लास चंद ,उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख डॉ.जोगेंद्र, प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री, प्रांत सह मंत्री भूपेंद्र, ईशम सिंह, न्यास अध्यक्ष डॉ.रामनिवास, प्रचार प्रमुख सतेंद्र कुमार, कोष प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र, डॉ. नवीन शर्मा, सुशील शास्त्री हिसार,प्रवेश कौशिक, डॉ.शैलेंद्र, डॉ. राजबीर, अशोक बुचौली, जयपाल शास्त्री, रामदेव सिरसा, विनय गोपाल त्रिपाठी, गिरीश चंद्र, बलजिंद्र, डॉ.सुनील, कपीश, डॉ.संजीव,नीरज,राजकुमार,जयभगवान कैथल आदि भी उपस्थित रहे। इन्हें दिया गया दायित्व समापन सत्र में संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. सोमेश्वर दत्त ने संगठन के दायित्वों की घोषणा की। इसके तहत काशी को गुरुग्राम का सह मंत्री, महिपाल को संपर्क प्रमुख, जगमीत को शिक्षण प्रमुख नियुक्त किया गया। कप्तान गुरुदयाल शर्मा को पलवल संपर्क प्रमुख, सुशील शास्त्री को हिसार विभाग सह संयोजक, कर्मवीर को गीता शिक्षण प्रमुख, पारस को विद्यालय कार्य प्रमुख मनोनीत किया गया। इसी क्रम में सुरेंद्र भारद्वाज को जिंद जिला मंत्री, रमेश कुमार को विद्यालय कार्य प्रमुख, निशु को नरवाना बाल केंद्र प्रमुख के रूप में दायित्व दिया गया।

# वेरिफिकेशन का झांसा देकर 18 लाख रुपये की राशि ठगी

**फर्जीवाड़ा**

**ठगों ने युवक को विश्वास में लेकर मोबाइल पर लिंक भेजा। उसके बाद मोबाइल को हैक करके राशि निकाल ली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिले में साइबर ठग लोगों की धनराशि ऐंठने के लिए नए-नए पैंतरे अपना रहे है। साइबर ठगों ने बैंक खाते की वेरिफिकेशन का झांसा देकर खाते से 18 लाख रुपये की राशि को ऐंठ लिया। ठगों ने युवक को विश्वास में लेकर मोबाइल पर लिंक भेजा। उसके बाद मोबाइल को हैक करके राशि को निकाल लिया। पीड़ित के बयान पर सेक्टर-23 साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। टीडीआई सिटी निवासी कमलेश चौरसिया ने बताया कि उसके पास गत 27 दिसंबर को फोन कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताते हुए उसके खाते की वेरिफिकेशन करने के लिए कहा। उसने बैंक से संबंधित जानकारी भी दी। जिसके चलते उस पर भरोसा हो गया। इसके बाद 29 दिसंबर को उसके पास वाट्सएप पर एक लिंक भेज दिया। जब उसने लिंक क्लिक किया तो उसका फोन हैक हो गया। इसी दौरान 11 बार में उसके खाते से 17,97,879 रुपये की राशि ट्रांसफर हो गई। उसे खाते से रुपये निकाले जाने की जानकारी मिली तो एटीएम और यूपीआई बंद करवा दिया। जिसके बाद मामले की ऑनलाइन शिकायत दी। मामले को लेकर सेक्टर-23 थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बैंक खाते की वेरिफिकेशन करने का झांसा देकर मोबाइल फोन हैक करके खाते से लाखों रुपये की राशि के निकालने के आरोप की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बैंक से कभी भी खाते के संबंध में ऐसे कॉल नहीं आती है। साइबर ठग लोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहे है। ऐसे किसी भी फोन काल पर यकीन न करें। बैंक से संबंधित काम को बैंक शाखा में जाकर ही निपटाएं। कभी भी बैंक की ओर से बता कर भेजे गए लिंक को क्लिक न करें। तभी आपके खातों में राशि सुरक्षित रह सकती है।

# दहेज प्रताड़ना के मामले में उद्घोषित ससुराल पक्ष के तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: महिला** थाना सोनीपत पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में उदघोषित ससुराल पक्ष के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोंटी, धर्मपाल व एक महिला रोहतक की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार दो नवंबर 2016 में एक महिला की शिकायत पर महिला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। उसके बाद मामला अदालत में चला गया। अदालत की तरफ से आरोपितों को अदालत में पेश होने के नोटिस दिए गए, लेकिन आरोपित पक्ष अदालत में पेश नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपितों की तलाश की, लेकिन आरोपित भूमिगत हो गई। महिला थाना प्रभारी कविता ने बताया कि अदालत ने आरोपितों को फरार अपराधी घोषित किया है।

# यदि सम्मान पूर्वक जीवन यापन करना है दो नशे से रहो दूर: अशोक कुमार

**अभियान**

**"इग्नोरेंस ऑफ लॉ इज नॉट एन एक्सक्यूज" अर्थात विधि का ज्ञान न होने का बहाना नहीं चलेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
नशा मुक्त होगा हरियाणा मिलकर सारे जोर लगाना। जी हां, इस नारे को साथ लेकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में पहुंचे हुए थे। विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिक्षक प्रवीण कुमार की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंगेजी में एक वाक्य आता है: "इग्नोरेंस ऑफ लॉ इज नॉट एन एक्सक्यूज" अर्थात विधि का ज्ञान न होने का बहाना नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा- सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में, शिक्षा बिना ही आज हम सब पड़ रहे हैं क्लेश में। शिक्षा बिना कभी कोई बन सकता नहीं सत्पात्र है, शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है। यही कारण है कि विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ नशे के दुष्प्रभाव और नशे के विरुद्ध बने विधि के बारे बताया जा रहा है।

# संस्था ने गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया

**शिक्षा ग्रहण**

**11 प्रतिभावान बच्चों को उच्च कोचिंग सेंटर में अपने निजी कोष से आईपीएस, आइएएस की तैयारी कराई जाएगी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
विधायक मनमोहन भड़ाना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हल्के में दो इंस्टीट्यूट (एक बापौली और एक समालखा) में खोले जाएंगे। जहां हलके के सभी प्रतिभावान बच्चे निशुल्क यूपीएससी की कोचिंग ले सकेंगे। साथ ही 11 प्रतिभावान बच्चों को दिल्ली की उच्च कोचिंग सेंटर में अपने निजी कोष से आईपीएस, आइएएस की तैयारी कराई जाएगी। विधायक मनमोहन ने इस दौरान गांधी आदर्श कॉलेज को जीर्णोद्धार कर अपग्रेड करने का आश्वासन दिया। साथ ही आयोजनकर्ताओं का ऐसे सुंदर आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगर समाज के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अच्छा मुकाम हासिल करते हैं तो समाज के साथ-साथ हल्के और देश भी आर्थिक उन्नति करेगा। गुर्जर समाज का गौरवशाली इतिहास रहा" वहीं राजकुमार छौक्कर नारायणा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से गुर्जर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करना है। जिसके पीछे गुर्जर समाज के बच्चों में और भी अधिक लगन और प्रतियोगी भावना पैदा करना है। उन्होंने बताया कि गुर्जर समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। जिसकी परंपराओं को जानबूझकर भारत के इतिहास से विलुप्त कर दिया गया है।

# निर्माणाधीन स्थल में शेड से गिरकर श्रमिक की मौत, मुकदमा दर्ज

**सुपुर्द**

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतझ मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव करेवड़ी में निमार्णाधीन स्थल पर लोहे की शेड से गिरकर श्रमिक घायल हो गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने ठेकेदार पर सुरक्षा उपकरण मुहैया न करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जाजल शाहजानपुर उत्तर प्रदेश हाल में करेवड़ी निवासी गोविंद वेल्डिंग का काम करता है। उसका भाई जितेंद्र व धर्मेंद्र भी उसके साथ काम करते है। वह मिलकर गोविंद ठेकेदार नगेंद्र के साथ एक साल से काम कर रहे थे। वह शनिवार को ठेकेदार के साथ शेड का काम करने के लिए गए थे। जहां गोबिंद ने बिना सेफ्टी उपकरण के काम करने से इंकार कर दिया। गोबिंद के भाई जितेंद्र का आरोप है कि ठेकेदार ने दबाव डाल कर उसे काम करने के लिए शेड की छत पर चढ़ा दिया। काम करते वक्त अचानक संतुलन बिगड़ने से गोबिंद शेड से गिरकर घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# पार्किंग से कर्मचारी की बाइक चोरी

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में कार्यालय की पार्किंग से कर्मचारी की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। ईदगाह निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह सेक्टर-12 स्थित कार्यालय में डिलीवरी का काम करता है। उसने अपनी बाइक को स्टोर की पार्किंग में खड़ा कर दिया। देर शाम को पार्किंग में गया तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# सड़क पर कई दिनों से बह रहा सीवर का दूषित पानी

**सीवर समस्या**

**विवेकानंद चौक के पास सड़क पर खड़ा दूषित पानी दुकानदारों व आसपास के लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** की सड़क पर सफाई व्यवस्था व सीवर के दूषित पानी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में सीवर समस्या गहराती जा रही है। यह समस्या शहर के पॉश एरिया में सबसे ज्यादा बनी हुई है। साथ ही सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय विधायक कार्यालय के पास हीरो बाइक वाली गली के पीछे, ट्यूलिप हॉस्पिटल वाली गली, और विवेकानंद चौक के पास रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहां से गुजरने वाले राहगीर और आसपास के लोग दूषित पानी की बदबू से परेशान है, स्थानीय लोगों ने कहा कि शहर के विधायक प्रतिदिन इस सड़क से गुजरते है। फिर भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। शहर के विवेकानंद चौक के पास सड़क पर खड़ा दूषित पानी दुकानदारों व आसपास के लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। सेक्टर 14 विवेकानंद चौक के पास कई माह से दुकानों के बाहर सीवर का पानी जमा होने से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद स्थानीय विधायक निखिल मदान से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ। दुकानदार प्रवीण कुमार ने बताया कि सीवर लाइन ओवरफ्लो होने से दुकानों के बाहर गंदा पानी जमा हो गया है। हालात यह है कि बदबू की वजह से दुकान के दरवाजे बंद रखने पड़ते है। उनका कहना है कि नगर निगम को भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। सीवर का गंदा पानी करीब एक साल से सड़क पर बह रहा है। दुकान पर बैठना मुश्किल हो गया है। जब से सड़क बनी है, उसी दिन से सड़क पानी जमा रहता है। कभी सड़क सूखी नहीं देखी है। वाहन चालक फिसलकर कई बार दूषित पानी में गिर चुके है। कई बार विधायक को भी शिकायत दी जा चुकी है, शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। विवेकानंद चौक से सेक्टर-14,15 को जोड़ने वाली सड़क है। शहर की सबसे चौड़ी सड़क है, लेकिन शहर में सबसे ज्यादा सीवर का दूषित पानी सड़क पर जमा रहता है। करीब तीन साल से सीवर की समस्या है। निगम की तरफ से सड़क का निर्माण करवा दिया गया, लेकिन सीवर की समस्या का समाधान नहीं किया गया।

# गौशालाओं के उत्थान को लेकर चल रही योजनाएं: कल्याण

**योजनाएं**

**राज्य सरकार ने गौशालाओं के उत्थान को लेकर बजट भी निर्धारित किया है व कई योजनाएं भी बनाई है: कल्याण**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने सोमवार को कुराना स्थित गुरु ब्रह्मानंद गौशाला में गाय की पूजा अर्चना करने के बाद गौशाला परिसर में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह गौशाला पूरे प्रदेश की नंबर वन गौशाला में होनी चाहिए इसके लिए और प्रयास करने होंगे। राज्य सरकार ने गौशालाओं के उत्थान को लेकर बजट भी निर्धारित किया है व कई योजनाएं भी बनाई है जिनका लाभ गौशालाओं को वर्तमान में मिल रहा है।


विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह विषय प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ विषय है। गौशाला में काफी सुधार नजर आ रहा है, इसके लिए उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी एवं वर्तमान में राई यूनिवर्सिटी के उप कुलपति अशोक गर्ग व ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा है। उन्होंने सभी को इसके लिए बधाई व मुबारक बात भी दी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमें युवा पीढ़ी पर जोर देना चाहिए व बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के प्रयास करने चाहिए ।अच्छे संस्कार बच्चों को हमें देने होंगे तभी नशे से हम उन्हें बचा पाएंगे । उन्होंने कहा कि सरकार के साथ-साथ समाज का भी कुछ दायित्व बनता है । पंजाब जैसे प्रांत नशे के कारण किस स्थिति में हैं,हमें उनसे सबक लेना चाहिए ।जिन हालातो में पंजाब पहुंच गया है इस पर देखना होगा ।हमें नशे से अगली पीढ़ी को बचाने की जरूरत है ।पुरानी संस्कृति के साथ-साथ अपने आप को बचाने पर जोर देना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गौ माता के दर्शन से ऐसा लगा जैसे तीर्थ का दर्शन हो गया हो। प्रदेश में जहां जहां भी गौशालाएं हैं वह बहुत ही पवित्र स्थान है ।भाग्य वाली जगह पर ही गौशालाओ का निर्माण होता है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गौ माता में संपूर्ण ब्रह्मांड है हमें इसकी जानकारी है ।गांव में रहने वाले ,खेती करने वाले किसान हमसे बेहतर जानते हैं ।उन्होंने कहा कि अब खाद दवाई महंगी हो गई है अच्छी भी नहीं है। सेहत के लिए पुरानी पद्धति को हमें अपने की जरूरत है ।खेती में वही पुरानी तरीके से कार्य करना होगा। युवा नहीं नई बातों से बहुत जल्दी प्रभावित हो जाते हैं जिस दिशा में वह चीज आगे बढ़ती है । वह समाज के लिए अच्छी नहीं होती इस पर हमें और ध्यान देना होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गीता महोत्सव व योग दिवस पर जो आयोजन किए जाते हैं उनका एक ही उद्देश्य होता है अच्छी विचार महापुरुषों के विचार आम लोग तक पहुंचे जिसे सभी बिरादरियों को लाभ पहुंच जाए।

# प्रदर्शनी ने आगंतुकों का किया ज्ञानवर्धन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** पट्टी कल्याणा में आयोजित संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन में लगी प्रदर्शनी आगंतुकों का संस्कृत के प्रचार प्रसार के साथ-साथ ज्ञान वर्धन का भी कार्य किया। मुख्य सभागार के सामने लगी इस प्रदर्शनी के माध्यम से आगंतुकों को बताया गया कि सम्पूर्ण विश्व में भारत से अतिरिक्त 146 अन्य देशों में संस्कृत का पठन और पाठन हो रहा है। इनमें एशिया में बाइस अफ्रीका में एक,आस्ट्रेलिया में बारह ,यूरोप में छियासठ,उतरी अमेरिका में चौवालीस तथा दक्षिणी अमेरिका में एक देश शामिल है।

प्रदर्शनी में खगोलीय विज्ञान में संस्कृत की उपादयेता, इंजीनियरिंग, गणित, विज्ञान, चिकित्सा आदि विभिन्न क्षेत्रों में संस्कृत के महत्त्व को दशार्ते चित्रों का प्रदर्शन किया गया। इसी गैलरी में विभिन्न सूक्तों और संस्कृत श्लोको के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं का निवारण, नियम और न्याय, शस्त्रों के प्रकार , अर्थशास्त्र का राजमंडलीय सिद्धांत, व्यापार, आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तीसरी गैलरी में तिथि और नक्षत्र, वैदिक गणित, भौतिकी ,रसायन, आदि विषयों के बारे में विस्तार से बताया गया। यहां जल निस्तारण, वेद और उनका विस्तार, वैमानिकी, युद्ध और युद्धनीति,जलसिंचन के बारे में भी चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इसके साथ साथ भरत मुनि नाट्यशास्त्र, रस, स्वर, वाद्य,गान,अभिनय के साथ साथ पहले नाट्यशास्त्र की सर्वसमावेशकता की जानकारी भी दी गई।

# सीएम ने किया कुरुक्षेत्र विवि का कैलेंडर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का वार्षिक एवं धरोहर हरियाणा संग्रहालय का कैलेंडर जारी किया इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा उपस्थित थे। यह जानकारी कुवि के लोक संपर्क विभाग के निदेशक डॉ महा सिंह पुनिया ने दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सामान्य शाखा द्वारा जारी किया गया दीवार कैलेंडर एवं धरोहर हरियाणा संग्रहालय द्वारा तैयार किया गया टेबल कैलेंडर आज हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने निवास स्थान चंडीगढ़ में जारी किया। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय की ओर से हर वर्ष टेबल कैलेंडर जारी किया जाता है। इस वर्ष भी



धरोहर कैलेंडर को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जारी कर विश्वविद्यालय की सभी गति गतिविधियों को कैलेंडर के माध्यम से प्रचार एवं प्रसार करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में धरोहर कैलेंडर के माध्यम विश्वविद्यालय एवं धरोहर हरियाणा संग्रहालय की साल भर की गतिविधियों को समाहित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में धरोहर के कैलेंडर में भारत

**समाहित**

**▶▶ विश्वविद्यालय के दोनों कैलेंडर हर वर्ष हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल द्वारा जनता को समर्पित किए जाते हैं**

के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा हरियाणा पवेलियन का अवलोकन, फरवरी माह में नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा स्वामी विवेकानंद स्टैचू का उद्घाटन, मार्च के महीने में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के समक्ष सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति, अप्रैल के महीने में कुवि में आयोजित गोयल पुरस्कार विजेताओं का पुरस्कार वितरण, मई के महीने में कुलपति की उपस्थिति में धरोहर हरियाणा संग्रहालय का स्थापना दिवस, जून के महीने में इंडो पेसिफिक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, जुलाई के महीने में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता, अगस्त माह में 26 जनवरी की परेड का निरीक्षण, सितंबर के महीने में कुलपति निवास पर शिक्षक दिवस का आयोजन एवं एट होम कार्यक्रम, अक्टूबर के महीने में संस्कृति के महाकुंभ रत्नावली समारोह का आयोजन, नवंबर माह में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन तथा दिसंबर के महीने में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव संगोष्ठी की तस्वीरें जारी की गई है।

इसके साथ ही धरोहर हरियाणा संग्रहालय के 12 चित्र भी जारी किए गए हैं। डॉ महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दोनों कैलेंडर हर वर्ष हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल द्वारा जनता को समर्पित किए जाते हैं, उसी कड़ी में आज चंडीगढ़ में विश्वविद्यालय के दोनों कैलेंडर जारी कर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को समर्पित किए।

# नई सब्जी मंडी आढ़तियों की हरसंभव सुनवाई होगी : कविंद्र राणा

**मांग**

**▶▶ जो भी मांगें उठाई हैं, उन्हें केंद्रीय मंत्री और सरकार के पास पहुंचाया जाएगा : कविंद्र राणा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के संसदीय प्रतिनिधि कविंद्र राणा एडवोकेट ने कहा कि करनाल में नई सब्जी मंडी के विक्रेताओं की सुनवाई सरकार द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी के विक्रेताओं और सरकार के बीच समन्वय है। उन्होंने जो भी मांगें उठाई हैं, उन्हें केंद्रीय मंत्री और सरकार के पास पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी करनाल के सभी जनों को



अपना परिवार मानते हैं।

आज नई सब्जी मंडी पहुंचने पर सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने उनका जोरदार स्वागत किया। कविंद्र राणा के समक्ष अवतार सिंह तारी ने समस्याएं उठाई। इनमें पानी की निकासी, सफाई, आवरा पशुओं की समस्याएं प्रमुख थी। उन्होंने कहा कि मंडी में लगभग 500 आवारा पशु घूमते रहते हैं। कई बार हादसे हुए हैं। इसके अलाव मंडी की सफाई व्यवस्था ठप पड़ी हुई हैं। मंडी प्रशासन मंडी को साफ रखने में विफल रहा है।

कविंद्र राणा ने समस्याओं के निराकण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर किश सचदेवा, अवतारसिंह तारी, जतिंद्र मलिक, विजय सहगल, दलविंदर सिंह सोमा, प्रमोद बजाज, वरिंदर सचदेवा, कमल ढींगड़ा, रामलाल तथा अन्य मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर द्वारा अपोलो प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गन्नौर ।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर द्वारा अपोलो प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी राजीव मिश्रा ने किया । राजीव मिश्रा नए सभी खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया । प्रतियोगिता का प्रथम मैच में अंकुश रिबेल के साथ टेहा इलेवन का मैच हुआ जिसमें टेहा इलेवन द्वारा टॉस जीतकर 110 रन का लक्ष्य दिया गया । इस स्कोर का पीछा करते हुए अंकुश रेबल ने भी 110 रन बना डाले और मैच सुपर ओवर में चला गया । सुपर ओवर में टेहा इलेवन ने मैच जीता। अंकुश रिबेल्स की ओर से यश ने 42 बॉल में 33 रन बनाए ,सनी ने 16 गेंद पर 28 रन और विक्की त्यागी ने 17 पर 23 रन बनाए । बॉलिंग में आदित्य राठी ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके, वहीं विशु वत्स ने चार ओवर में14 रन देकर दो विकेट झटके। ललित वत्स ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये । प्लेयर ऑफ द मैच टेहा इलेवन की ओर से ललित वत्स को चुना गया। दूसरा मैच बैंकर्स फाइटर और गन्नौर रॉयल के बीच हुआ जिसमें गन्नौर रॉयल ने 70 रनों का लक्ष्य दिया गया, जिसे बैंकर्स फाइटर द्वारा 9 ओवर में ही प्राप्त कर लिया गया। इस प्रकार बैंकर फाइटर विजय हुए ।बैंकर्स फाइटर की ओर से हिमांशु ने 26 बॉल में 32 रन बनाए वही संदीप ने छह बॉल में 13 रन बनाए और रोहित ने 16 गेंद में 13 रन बनाए। बोलिंग में अमित त्यागी ने चार ओवर में 21 रन देकर चार विकेट प्राप्त किए ,दिनेश धनखड़ ने तीन ओवर में 21रन देकर तीन विकेट प्राप्त किए, हिमांशु ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। प्लेयर ऑफ द मैच बैंकर्स फाइटर की ओर से अमित त्यागी को चुना गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल क्रिकेट के प्रति उत्साह बढ़ाना है, बल्कि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी प्रदान करना है।

### रामलीला परिषद् के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों को मंत्री गौरव गौतम व राजेश नागर ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** प्रदेश के युवा विकास मंत्री गौरव गौतम एवं खेल मंत्री एवं खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने हरियाणा पुलिस की राम गुरुकुल गमन के निर्देशक अनिल कौशिक व रामलीला परिषद् की टीम का नशे के विरुद्ध भव्य लाइट एंड साउंड-शो का अभिवादन करते हुए सभी को बधाई दी। युवा उद्यमिता विभाग की ओर से पलवल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में हरियाणा पुलिस के नारकोटिक विभाग की ओर से नशे के विरुद्ध राष्ट्र प्रसिद्ध लाइट एंड साउंड शो राम गुरुकुल गमन का मंचन किया गया। गौरतलब है कि हरियाणा पुलिस के डीजी ओपी सिंह की परिकल्पना पर आधारित एवं याहा हरियाणा के निर्देशक अनिल कौशिक द्वारा निर्देशित व नारकोटिक विभाग की एसपी पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में राम गुरुकुल की ख्याति प्रदेश ही नहीं देश भर में अपने संदेश को सार्थक रूप से देने में कामयाबी हासिल की है। स्मरण रहे कि 21 दिसंबर को नाटक राम गुरुकुल गमन का मंचन विश्व के सबसे लंबे थिएटर फेस्टिवल में भी किए जाने के साथ-साथ 15 जनवरी 2024 को 27वे राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक महाराष्ट्र में भी किया जा चुका है। नशे के विरुद्ध प्रस्तुत नाटक के माध्यम से भारत की प्राचीन संस्कृति से राम द्वारा ऋषि-मुनियों के तप को सुरक्षित करने और आधुनिक भारत में नशे व साइबर के विरुद्ध युवाओं को संदेश दिया गया। नाटक की परिकल्पना के स्त्रोत डीजी ओपी सिंह व निर्देशक अनिल कौशिक ने बताया कि नशे के विरुद्ध यह प्रस्तुति त्रेता युग में भगवान राम के चरित्र को लाइट एंड साउंड से जोड़कर परिकल्पित किया गया है। लाइट एंड साउंड-शो में प्रकाश एवं साउंड की बेहतरीन व्यवस्था के साथ दिखाया गया है कि भगवान राम सभी तरह से सम्पन्न होते हुए भी शिक्षा के लिए जमीन पर बैठकर गुरु वशिष्ठ व विश्वामित्र से शिक्षा लेते हैं।

# सड़क हादसे में गांव जाट निवासी एक व्यक्ति की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़-चरखी दादरी स्टेट हाईवें पर हुए सड़क हादसे में गांव जांट निवासी एक किसान की मौत हो गई हैं। परिजनों के बयान पर पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं तथा आरोपित गाड़ी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

गांव जाट निवासी रंगीलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता हैं। पांच जनवरी को वह व मौसी का लड़का विनोद खेत में पानी देकर अपने घर आ रहे थे। समय करीब सात बजे जब हम महेंद्रगढ-चरखी दादरी के मैन रोड को पार कर रहे थे तो भाई विनोद आगे चल रहा था। भाई विनोद चरखी रोड को पार कर रहा था तब चरखी दादरी की तरफ से एक प्राईवेट बस चालक अपनी बस को तेज गति गफलत व लापरवाही से चलाता हुआ आ रहा था। बस चालक ने भाई विनोद को टक्कर मारी, जिस वजह से भाई सड़क पर गिर गया। बस चालक अपनी बस को मौके से भगा ले गया। उसने राहगीरों कि मदद से पुलिस व एम्बुलेंस को फोन किया।अपने भाई को एम्बुलैंस में डालकर सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पत्रकारों को मैं नहीं, हम में भरोसा करना चाहिए: इंदू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की जिला इकाई करनाल द्वारा पंचायत भवन में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पत्रकारों ने मैं नहीं, हम का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी पत्रकारों की इस भावना की अतिथियों ने सराहना की। इसमें दो सौ से अधिक पत्रकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष इंदु बंसल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में असंध के विधायक योगेंद्र राणा,



प्रमुख समाजसेवी प्रवेश गाबा, सेवानिवृत्त स्वतंत्रता सेनानी भरत सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाषचंद्र, आल इंडिया एनवायरमैंट कंट्रोल तथा एनवायरमैंट कंजरवेशन बोर्ड के अध्यक्ष अशोक काम्बोज, हरीश कुमार व प्रदीप जेलदार, बद्रीप्रसाद भागवत, रामावतार (दिल्ली दूरदर्शन व आकाशवाणी), विमल वर्मा (लेखक आलोचक व राष्ट्र कवि), राजबीर मलिक (एसीपी, दिल्ली पुलिस) थे।

भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र कैम, सहसचिव शैलेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष राजेश जिंदल ने बताया कि समारोह में पत्रकारिता में सराहनीय कार्य करने वाले जिले के लगभग सौ से अधिक कलमवीरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार से पत्रकारों के हितों को लेकर मांग पत्र भी दिया गया।

पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों को समाज के हित में आवाज उठानी चाहिए। मुख्य अतथि विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सभी पत्रकारों को सरकार और आम आदमी के बीच सेतु का काम करना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि पत्रकारों को आज एकजुटता की जरुरत है। पत्रकारों को स्वच्छता के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष इंदू बंसल ने कहा कि हम पत्रकार मैं नहीं, हम में भरोसा रखते हैं। समाजसेवी अशोक काम्बोज ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आना चाहिए।

# मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर सोमवार को नवज्योति शिक्षा सदन में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में कैथल के पूर्व विधायक एवं सक्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश सह संयोजक अशोक गुर्जर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अशोक गुर्जर का बैठक में पहुंचने पर चुनाव अधिकारी धर्मबीर नांदल, जिला महामंत्री निशांत छौक्कर, आजाद नेहरा, संजय गौतम आदि ने बुका भेंट कर स्वागत किया। अशोक गुर्जर ने कार्यकताओं को संबोधित



करते हुए कहा कि वह 6 से 12 जनवरी तक बूथ अध्यक्षों का चुनाव करें। बूथ अध्यक्ष वहीं होंगे जिन्होंने 50 से अधिक सक्रीय सदस्य बनाए हैं। उन्होंने बताया कि बूथ अध्यक्ष के चुनाव के बाद गन्नौर विधानसभा के चारों मंडल पुरखास, गन्नौर, राजपुर व दातौली मंडल के अध्यक्षों का चुनाव होगा। मंडल अध्यक्षों का चुनाव बूथ कमेटी करेगी। इस मौके पर सुखबीर प्रजापत, संदीप पहल, पवन शर्मा, शकुंतला राठी सहित अन्य मौजूद रहे।

# क्रशर जोन से चार बैट्रियां व नगदी ले उड़े चोर

**फरीदाबाद। फरीदाबाद में क्रशर जोन से चार** बैट्रियां और गल्ले में रखे 59 हजार रुपए चोरी हो गए। सीसीटीवी की डीवीआर को भी चोरों ने चुरा लिया। कैंटर ड्राइवर वहीं सोता रहा, मगर उसे भनक भी नहीं लगी। मालिक ने कहा कि आरोपी पहले कई दिनों रेकी कर रहे थे। घटना सूरजकुंड रोड के पास से क्रेशर जोन की है। ड्राइवर संतोष ने बताया कि वह रात को थका हुआ था और सो रहा था। सोमवार सुबह लगभग 5 बजे के आसपास उठा भी था, तब सब कुछ सामान्य था। लेकिन 5 के बाद जब नींद से उठा, तो वहां से इन्वर्टर की चार बैट्रियां और मुंशी के गले में रखे 59 हजार रुपए गायब थे।

# श्रद्धा से मनाया गया गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिख पंथ के दशम गुरु तथा खालसा पंथ के संस्थापक सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरुपर्व प्रबधंक कमेटी द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मागर्दशन में डेरा कारसेवा में धूमधाम से मनाया गया। कडकडाती सर्दी और घने कोहरे के बीच सुबह से हजारों श्रद्धालु गरुद्वारे पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु के आगे मत्था टेका। सुबह से ही अटूट लंगर बरता गया।

गुरुद्वारे में हुए गुरमत समागम में सुबह नौ बजे से रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। पहुँचने वाले रागी, ढाडी एवं प्रचारक जत्थों में श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर साहिब से हजूरी रागी भाई मनदीप सिंह जी, रागी जत्था भाई गुरसेवक सिंह जी पटियाला वाले, ढाडी जत्था भाई सुखजिन्दर सिंह जी नूर, भाई अमृतपाल सिंह जी (हैड ग्रंथी) गुरुद्वारा मंजी साहिब पहली, करनाल गुरु की महिमा का गान किया। भाई दर्शन सिंह ने स्टेज सैक्ट्री की सेवा की। नित्तनेम एवं रहरासि साहिब जी के पाठ की सेवा भाई मंजूर सिंह एवं भाई गुरप्रीत सिंह ने की।

**मत्था टेका**

**▶▶ पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मागर्दशन में डेरा कारसेवा में धूमधाम से मनाया गया**

इस अवसर पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व ओएसडी संजय बठला, समाजसेवी राम कुमार कल्याण, पूर्व पार्षद वीर विक्रम, मूक एवं बधिर श्रवण निगम की चेयरमैन मेघा भंडारी को सिरोपा भेंट किया गया। रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने जो मानवता के लिए कुर्बानी दी।

# गड्ढों में पत्थर डालकर रिपेयर करना भूला विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** गन्नौर से भोगपुर गांव को जाने वाली सड़क में बने गहरे गड्ढों को दुरस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग गड्ढों में पत्थर डालकर उन्हें रिपेयर करना भूल गया है । सड़कों में बने गड्ढों को दुरुस्त नहीं किये जाने से आये दिन हादसे हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों की ओर से हाल ही में गड्ढों में थोड़ी-बहुत रोड़ी डालकर इतिश्री कर ली गई थी। जो अब बारिश के चलते निकल गई हैं। बारिश का पानी सड़क पर आने से पुनः गहरे गड्ढे बन गये हैं। ग्रामीण सुरेश, सतबीर ,रूपेश, महेंद्र ने बताया कि विभाग



द्वारा रिपेयरिंग के लिए गड्ढों में पत्थर तो डाल दिए थे लेकिन जब विभाग ने उनको तुरंत रिपेयर करने का काम नहीं किया तो वह तुम्हारा पर चलने वाले ओवरलोड मिट्टी से भरे युवा ने उक्त पत्थर को भी तोड़ दिया है । पत्थर टूटने के कारण में वाहनों के आवागमन के कारण रोड पर बिखर गए हैं जिससे हर समय हादसे का भी भय बना रहता है । जिला प्रशासन की ओर से 15 नवंबर तक सभी टूटी सड़कों की मरम्मत करने की घोषणा की गई थी। लेकिन लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी आगे दौड़ पीछे छोड़ की नीति पर कार्य करते हुए सड़क में बने गड्ढों को यूं ही छोड़ दिया है। टूटे सड़क मार्ग पर वाहनों का गुजरना दुश्वार हो रहा है। गड्ढों में हिचकोले खाकर चालक गुजरने पर मजबूर हैं।

**रिपेयर करने के बाद सड़क का एस्टीमेट भेजा जाएगा : जे ई**

--- लोक निर्माण विभाग के जे ई नवनीत ने बताया कि सड़क में बने गढ़ों को रिपेयर करने के लिए विभाग की तरफ से पत्थर डलवा दिए थे । उसके बाद ज्यादा ठंड व धुंध पड़ने के कारण उसके ऊपर काली रोडी नहीं डाल सकते थे । अब मौसम साफ होते ही तुरंत उसे मार्ग पर रिपेयरिंग का काम शुरू करवा दिया जाएगा।

# हमारा रक्त ना जाने किस जरूरतमंद व्यक्ति की जीवन रक्षा करता : विधायक देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गांव खूबडू में डेरा बाबा समक्ष शाह ऋषि पर रक्तदान शिविर लगाया गया ,जिसमें गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने शुभारंभ कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया । विधायक कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि हर युवा को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करने हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि रक्तदाताओं को इस का लाभ ही मिलता है। रक्तदान करने पर दिल को बहुत ही खुशी मिलती है। हमारा रक्त ना जाने किस जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन रक्षा कर सकता है। स्वस्थ समाज के



निर्माण के लिए नौजवानों को ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी लोग मिलजुल कर कार्य करेंगे तभी स्वस्थ समाज और स्वस्थ राज्य का निर्माण होगा। रक्तदान के लिए युवा वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है। एक इंसान की रक्त की कमी को पूरा एक दूसरा इंसान ही कर सकता है। इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है।

# भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी: वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आज शहर के शक्तिपुरम में लोगों के साथ चाय पर चर्चा की।

वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुरलन के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना साकार करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की सोच को धरातल पर उतारने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्वच्छ भारत की जो नींव रखी गई है, उस मुहिम को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इस मुहिम के तहत स्वच्छता ही सेवा, का संदेश जन.जन तक पहुंचाया जा रहा है।

सुभाष चंद्र ने कहा कि सरकार के साथ स्वच्छता हमारी भी जिम्मेदारी है। यह हमारे स्वास्थ्य, हमारे पर्यावरण, और हमारे समाज के विकास के लिए अति आवश्यक है। ऐसे में हमें अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और शौचालय को लेकर पूर्व सरकारों की छोटी सोच थी लेकिन मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है करोड़ों लोगों के घरों में शौचालय का निर्माण हुआ है और हमारी मां बहनों को सम्मान जनक जीवन जीने का अधिकार मिला है।

सुभाष चंद्र ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। प्रदेश व केंद्र की मोदी सरकार ने अनेको ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले।

इस अवसर पर एडवोकेट अशोक कुरलन, पवन शर्मा, मुकेश कुमार, संदीप शर्मा, मुकेश कुमार, कर्मपाल, शशिकांत, रामनिवास, रामेश्वर, सुभाष , हिशम, सतीश कुमार सरपंच, अमरजीत धानिया, दलबीर सिंह व सुरेश सिंहमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# केवल पार्क में धूमधाम से मनाया गया श्री बालाजी महोत्सव









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर के केवल पार्क क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति ने नए साल के पहले शनिवार को श्री बालाजी महोत्सव का भव्य आयोजन किया। चार जनवरी 2025 की सायं चार बजे से शुरू हुए महोत्सव में पंडित नवीन भाई ओझा ने सुंदरकांड का पाठ किया। साथ ही श्रुति शर्मा खाटू वाली, कृष्ण गुप्ता और बृजराज सिंह लक्खा ने भी भजनों की सुन्दर प्रस्तुति दी। भक्तों ने भजनों को पूरे भक्तिभाव से सुना और श्री मेहंदीपुर बालाजी के जयकारे लगाए। ज्ञात हो कि श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति पिछले 18 साल से इस महोत्सव का आयोजन कर रही है। इस मौके पर श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति ने बाबा के दरबार को भव्य रूप से सजाया था। बाबा के दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने महोत्सव का भक्तिभाव से



आनंद उठाया। इस मौके पर दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी कई सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां भी बालाजी महाराज के इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची। समारोह में श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति, सीता रसोई के माध्यम से निःशुल्क प्रसाद और भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल, आदर्श नगर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल, आदर्श नगर विधानसभा आम आदमी पार्टी प्रत्याशी मुकेश गोयल, आदर्श नगर क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, विधायक पवन शर्मा, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज सहित क्षेत्र की समस्त आरडब्ल्यूए और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**भक्ति...**

- श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति ने किया भव्य आयोजन
- हजारों श्रद्धालुओं ने किए बालाजी महाराज के दर्शन

इस मौके पर महंत अनिल शर्मा ने बताया कि यह हमारा 18वां महोत्सव है। यह महोत्सव श्रीबाला जी महाराज की कृपा एवं समस्त समिति के सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस मौके पर शिव शंकर मंगला व संजय अग्रवाल ने बताया कि बाबा का सुन्दर दरबार और सुन्दरकांड का पाठ किया गया। यह पाठ नवीन ओझा ने किया है और भजन गायक श्रुति शर्मा व बृजराज लक्खा एवं कृष्ण गुप्ता ने बाबा का गुणगान किया। इस उत्सव में हजारों की संख्या में लोगों ने बाबा के दर्शन किये और प्रसाद भी ग्रहण किया।







## कवि संजय कुमार गिरि को अभिव्यक्ति कला रत्न समान से किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था (पंजाबी हिंदी और उर्दू की सांझा साहित्यिक संस्था) द्वारा द्वितीय मासिक गोष्ठी संस्था की अध्यक्षा मधु मधुबाला लबाना के निवास स्थान बी 2/8 द्वितीय तल सेक्टर-11 रोहिणी दिल्ली में हुआ। अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था पिछले दस वर्षों से वर्ष में दो भव्य आयोजन कराती है किंतु अब से मासिक गोष्ठी का भी निर्णय लिया गया है। जिसमें दिल्ली एनसीआर से आए कवि एवं कवयित्रियों ने अपना बेहतरीन काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का संचालन कवयित्री मधु लबाना ने शानदार अंदाज में किया। यह काव्यगोष्ठी दोपहर 4



बजे से लेकर शाम के सात बजे तक लगभग 3 घंटे चली। काव्य गोष्ठी में शिरकत करने वाले कवि एवं कवयित्रियों में राजीव तनेजा, संजू तनेजा, शायरा संगीता चौहान सदफ, गोल्डी गीतकार, जितेंद्र प्रीतम, संजय कुमार गिरि,शायर जावेद अब्बासी, शायर असलम बेताब ,सीमा वत्स, रजनी रामदेव आदि मौजूद रहे।

## पानी की नई पाईपलाइन और स्ट्रीट लाईट का हुआ उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा का स्वागत किया और इस कार्य के लिए धन्यवाद भी किया। आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कलंदर कॉलोनी, बसंत दादा पाटिल नगर और विश्वनाथ नाथपुरी में जहाँ भी पानी की समस्या है या पाईपलाइन नहीं है, उन सभी जगहों पर नई पाईपलाइन डालने के कार्य का उद्घाटन किया गया। श्री शर्मा ने आगे बताया कि कलंदर कॉलोनी, विश्वनाथ पुरी, बसंत दादा पाटिल नगर में नई स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 200 स्ट्रीट लाईट झुग्गियो में लगवाई जा रही है। आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने आगे बताया कि जहाँगीरपुरी आई और जे ब्लॉक, स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी, राजीव नगर, गुरुनानक देव कॉलोनी, कठिया बाबा के सभी मुख्य मार्गों पर जहाँ भी अंधेरा रहता है, वहां सभी जगह लगभग 250 स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का उद्घाटन किया गया। उन्होंने आगे बताया कि विधायक अजेश यादव और पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा कुल 450 नई स्ट्रीट लाइट लगवाने के कार्य का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर लोग मौजूद रहे।

## राजघाट पर आदिवासी युवाओं को किया गया जागरूक







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजघाट स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में नेहरू युवा केंद्र उत्तर पश्चिम दिल्ली द्वारा 16वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए युवाओं के लिए शैक्षिक सत्र जिसमें कैरियर मार्गदर्शन उद्यमिता एवं व्यवसाय, सोशल मीडिया एवं साइबर सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता एवं धोखाधड़ी बैंकिंग से जुड़ी योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं पर शैक्षणिक सत्र के माध्यम से उन्हें जानकारी दी गई। इस मौके पर मोहित कुमार भारतीय पूर्व राज्य प्रशिक्षक ने यूथ क्लब के गठन, स्वयं सहायता समूह और समाज सेवा में युवाओं की भूमिका पर जानकारी दी। अमित शर्मा समाजसेवी ने अपने जीवन और नेहरू युवा केंद्र के साथ जुड़कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। संचित कुमार प्रशासनिक अधिकारी गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति ने गांधी जी के बचपन से मृत्यु तक के सफर और उनके कुछ ऐसे कार्य जो उनको सबसे अलग बनाते हैं उसके बारे में जानकारी दी। वही, वेद व्यास कुंडू कार्यक्रम समन्वयक ने युवाओं के साथ जल, जंगल और जमीन पर चर्चा करते हुए कैसे जीवन में बदलाब ला सकते हैं और सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ सकते हैं उनके बारे में बताया। मनोज कुमार एलडीएम उत्तर पश्चिम पंजाब नेशनल बैंक ने युवाओं को बैंकिंग और ऋण की जानकारी उपलब्ध कराते हुए कई योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## केसरी दस्तार सजाकर अमित शाह गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में हुए नतमस्तक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश के गृह मंत्री अमित शाह साहिब ए कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर केसरी दस्तार सजाकर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में नतमस्तक हुए। इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलो, और पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों ने अमित शाह को सिरोपा देकर उनका सम्मान किया।

समागम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि आज पूरी दुनिया में सिख संगतें साहिब ए कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व को मना रही हैं।

## भलस्वा वार्ड में अजेश यादव व अजीत यादव ने किये कई उद्घाटन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के भलस्वा वार्ड में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और वार्ड नम्बर-17 के निगम पार्षद अजीत यादव ने द्वारा भलस्वा गांव में चौपाल और नई सड़क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया। इस मौके पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि वाल्मीकि चौपाल का पुन निर्माण, जाटव चौपाल का पुन निर्माण, अंधेरी गली की नई सड़क का कार्य, यादव चौपाल के पास नई सड़क का उद्घाटन, वाल्मीकि वाली गली की नई सड़क, किरण पाल जी वाली गली की नई सड़क का उद्घाटन किया गया और मुकरबा चौक स्थित कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ भी किया गया।

इस मौके पर भलस्वा गांव के आरडब्ल्यूए के सभी लोग और भलस्वा गांव के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक अजेश यादव ने कहा कि मैंने जो आप सभी से वादे किये थे, वह पूरे करके दिखाये है। क्योंकि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास रहा है, जिसे मैंने किया है। तो वहीं निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

# गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया: सीएम

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

**गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया:** मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ।

**चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार...:** योगी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं...' गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

**जातिभेद व छुआछूत को समाप्त करने के लिए की खालसा पंथ की स्थापना:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने 'सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे' का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की

# शुद्धता: द्वारकाधीश मंदिर में बाहरी प्रसाद पर रोक

## बहार के फूल माला व प्रसाद चढ़ना किया पूर्णता प्रतिबंधित



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि तृतीय पीठाधीश्वर कांकरोली नरेश एवं मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागिश कुमार महाराज की आज्ञा अनुसार मंदिर में किसी भी प्रकार की वस्तु जैसे कि प्रसाद, फूल माला इत्यादि का लेकर आना पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्योंकि पुष्टिमार्ग संप्रदाय एक ऐसा संप्रदाय है जिसमें ठाकुर जी को बाहर की किसी वस्तु का भोग नहीं धराया जाता है। श्री तिवारी ने बताया कि पुष्टिमार्ग संप्रदाय में ठाकुर जी को जो भोग लगता है। वह बगैर सिले हुए वस्त्र पहन के अपरस में भोग बनाते हैं और अंदर ही अंदर उस प्रसाद को ठाकुर जी को धराया जाता है। मान्यता यह है कि कोई भी वस्तु जो पब्लिक की नजरों के सामने से जाती है तो पब्लिक की नजर पड़ने पर अगर पब्लिक को यह महसूस होता है यह प्रसाद बहुत अच्छा है तो ठाकुर जी फिर उसका भोग नहीं लगाते हैं। यह परंपरा काफी पुरानी है, लेकिन एक प्रचलन ऐसा हो गया कि लोग आते हैं बाहर से कोई प्रसाद लेकर आ गया कोई फूल माला लेकर आया लेकिन जहां तक फूल माला का प्रश्न है फूल माला भी हमारे यहां फूल घर बना हुआ है। उस फूल घर में फूल बगीचे से आते हैं वह उन फूलों को पूर्ण रूप से शुद्धता करने के बाद माला बनती है और वह माला और फूल ठाकुर जी को धारण कराये जाते हैं। श्रद्धालुओं जो भावना से लाते थे लेकिन उनको ठाकुर जी पर कभी चढ़ाया नहीं जाता था अर्थात उनके लाने का कोई अर्थ नहीं था लेकिन काफी समय से यह सब चल रहा था और इसमें प्रशासन का बार बार यह कह ना था कि जब आपके यहां यह प्रसाद या फूल माला नहीं चढ़ाया जाता है तो आप इसे बोर्ड लगवा दीजिए तो इस प्रशासन के सहयोग से प्रशासन के कहने पर इस प्रकार की व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**हाथरस: रविवार** की रात आगरा रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह चारों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और सादाबाद के गांव कोठी बढ़ार में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। आगरा रोड पर सीएनजी पंप के पास बाइक की टक्कर टैंकर से हो गई। इस हादसे में यश नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर घायलों को आगरा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिवार को सूचित कर दिया है। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देशी-विदेशी शराब की तस्करी करने वाली दो महिला तस्कर गिरफ्तार,230 लीटर शराब बरामद

**वाराणसी**
**विभिन्न** ब्रांड की अवैध देशी-विदेशी शराब तस्करी करने वाली दो महिला तस्करों को लंका पुलिस ने अशोकपुरम कालोनी के निकट ओवरब्रिज से गिरफ्तार कर दिया। महिलाओं की निशानदेही पर कुल 230 लीटर शराब भी बरामद हुई। सोमवार को गिरफ्तार दोनों महिला तस्करों को मीडिया के सामने पेश किया गया। लंका थाना प्रभारी ने बताया कि आज गश्त के दौरान जानकारी मिली थी कि दो महिलाएं अशोकपुरम कालोनी के पास ओवर ब्रिज पर शराब बेच रही है। सटीक लोकेशन मिलते ही महिला पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार महिलाओं का नाम बारा पत्थर थाना डेहरी जिला रोहतास बिहार निवासिनी अनिता देवी पत्नी लाल बाबू चौधरी, पड़हार थाना आरकोठा दरिहर जिला रोहतास बिहार निवासिनी गीता कुँवर पत्नी प्रमोद राय बताया गया। महिलाओं ने बताया कि पेटियों में विभिन्न ब्राण्ड्स की देशी व अंग्रेजी शराब मंगाकर रखते है। जिन्हें हम लोग ग्राहकों की मांग के हिसाब से ऊंचे दामों पर बेचते हैं। शराब बेचकर मिलने वाले मुनाफे से अपने परिवार का भरण पोषण करते है।

### एमएसईडीसीएल से 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम के लिए 754 करोड़ रुपयों का ऑर्डर प्राप्त किया


**अम्बाला** : सीआरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल ), मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह मागेल त्याला सौर कृषी पंप (एमटीएसकेपी)ह्व योजना का हिस्सा है। इस नियुक्ति के साथ, सीआरआई पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन श्री जी. सौंदरराजन ने कहा, "हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआई पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, सीआरआई पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है।170,000 से अधिक सोलर पंपिंग सिस्टम और आईओटी -सक्षम स्मार्ट पंप की सफल स्थापना के साथ, सीआरआई पंप्स ने स्थायी नवाचार में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है। अपनी उन्नत पंपिंग तकनीकों के माध्यम से, सीआरआई पंप्स ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## भाजपा हार के डर से कर रही नकारात्मक बातें : अखिलेश

**लखनऊ: समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा की मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में की जा रही उपचुनाव की तैयारी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा हार से डर गयी है। इस कारण वह नकारात्मक बातें कर रही है। अखिलेश यादव ने बिना किसी पार्टी का नाम लिये कहा है कि नाकारात्मक बातें डरे हुए लोगों की निशानी होती है। इसी सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में सभा कर कार्यकताओं में जोश भरा था और जीत का मंत्र दिया था। इस पर बिना नाम लिये अखिलेश यादव ने कहा कि हार से बचने का मंत्र खुद को देने की जरूरत है।

# सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज 'स्क्विड गेम' के दूसरे सीजन के साथ साझेदारी की घोषणा की है। 'स्क्विड गेम' के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे




में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, "नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। 'स्क्विड गेम' सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है।"

## मथुरा में भाजपा महानगर का अध्यक्ष की चुनाव नामांकन प्रक्रिया 9 को

**मथुरा। लखनऊ** में रविवार को भाजपा उत्तर प्रदेश में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्षों की चुनावी प्रक्रिया को लेकर कार्यशाला हुई, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोश, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल भी शामिल हुए। कार्यशाला में तय किया कि नौ और दस जनवरी को जिला अध्यक्षों के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया होगी। वहीं जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया भाजपा महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा के निदेर्शानुसार आठ प्रदेश पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता गणों से विचार विमर्श किया जाएगा।

# ब्रज में बायोडायवर्सिटी पर संकट, खत्म हो रहे स्वाभाविक आवास

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। ब्रज** में बायोडायवर्सिटी पर संकट है। जंतु और वनस्पति दोनों संकट में हैं। कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के लगातार उपयोग, जल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को इसके लिए बडा जिम्मेदार माना जा रहा है। देखते ही देखते कुछ एक दषक में परिदृश्य बहुत बदल गया है। यह दुखदाई है और चिंता जनक भी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जोधपुर झाल वेटलैंड का संरक्षण देश विदेश के संकटग्रस्त पक्षियों के लिए उम्मीद का वेटलैंड बन रहा है। जोधपुर झाल पर संकटग्रस्त और घटती जनसंख्या वाली पक्षियों की लगभग



20 से अधिक प्रजातियां साल भर में रिकार्ड की जाती हैं। जैव विविधता का अध्ययन करने वाली संस्था बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के पक्षी विशेषज्ञ डॉ केपी सिंह का कहना है कि वैश्विक स्तर पर संरक्षण अभियानों के बाद भी पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों में से 80 प्रतिशत से अधिक की आबादी में गिरावट आ रही है। उनका कहना है आइयूसीएन की संकटग्रस्त सूची में शामिल पक्षियों की 20 से अधिक स्थानीय व प्रवासी प्रजातियों को जोधपुर झाल वेटलैंड पर रिकार्ड किया गया है। कुछ एक सुरक्षित प्रवास ब्रज में बचे हैं। केन्टिश प्लोवर, लिटिल रिंग्ड प्लोवर, ग्रे हेडेड लेपविंग, नोर्दन शोवलर, नोर्दन पिनटेल, सिट्रिन वेगटेल, कॉमन सेन्डपाइपर, मार्श सेन्डपाइपर, यूरेशियन विजन आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी सारस क्रेन (वल्नेरेविल) जोधपुर झाल पर हर साल सारस प्रजनन करता है।

## फसलों में नुकसान का नहीं मिला मुआवजा

**मथुरा।** सितंबर 2024 में प्राकृतिक आपदा बरसात से मथुरा जनपद के गोवर्धन व छाता विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई थी। जिनका सर्वे तहसील की टीमों ने किया उसके चार माह बाद भी किसानों को बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिला है। गोवर्धन विधानसभा के गांव नगला मौरा सहित कई गांवों के किसानों की करीब 300 एकड फसल बर्बाद हो गई थी। वहीं छाता विधानसभा क्षेत्र के आजनौख, पिसावा, लौधौली, करहला, खायरा, बरसाना, संकेत, गाजीपुर, चिकसौली आदि गांवों की सैकड़ों एकड़ वन, धान, बाजरा आदि की बर्वाद हो गई थी। जिसका डीएम के निर्देश पर लेखपाल द्वारा सर्वे भी किया गया था। सभी लेखपालों ने अपने अपने क्षेत्र की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी गई।

# हत्या कर लाश फेंकने का आरोपित चचेरा फूफा गिरफ्तार

## हत्या के आरोपित चचेरे फूफा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद: कौशाम्बी** थाना क्षेत्र के पोडियम पार्क में चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में कौशांबी पुलिस ने रविवार रात में हत्या के आरोपित चचेरे फूफा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। गोली से आरोपित घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमन्चा मय जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस व रक्तरंजित चाकू बरामद किया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर 2024 की रात में सोनी (20) नाम की एक युवती की रक्तरंजित लाश कौशांबी थाना क्षेत्र स्थित पोडियम पार्क में बरामद हुई थी। सोनी के परिजनों ने उसकी पहचान करते हुए उसके चचेरे फूफा पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस तभी से आरोपित की तलाश कर रही थी। रविवार की रात में थाना कौशांबी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी सेक्टर 2/5 वैशाली की पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया, जिसे रुकने के लिये कहा तो यह एलिवेटिड रोड के नीचे कच्ची सड़क पर भागने लगा। शक होने पर उसका पीछा किया गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी की फायरिंग में युवक को पैर में गोली लगी। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नीरज निवासी भोवापुर थाना कौशाम्बी बताया। वह कल्याणपुर



थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर का मूल निवासी है। आरोपित नीरज ने बताया कि मैं सोनी का रिश्ते में चचेरा फूफा लगता हूँ। मेरी शादी को करीब 13-14 साल हो गये है। मेरे 04 बच्चे हैं। मैं अपने परिवार के साथ भोवापुर में करीब पांच साल से रह रहा हूं और सेक्टर 68 नोएडा में कपड़े सिलने का काम करता हूँ और भोवापुर में भी घर पर सिलाई का काम करता हूँ। सोनी कौशाम्बी में कोठियों में काम करती थी। उसके बाद मेरे साथ सिलाई का काम भी करती थी। हमें साथ काम करते हुए करीब 05 साल हो गये थे।

सोनी और मेरी नजदीकियां काफी बढ़ चुकी थीं। मैंने सोनी के साथ कई बार उसकी मर्जी से शारिरिक सम्बंध बनाये थे, लेकिन कुछ दिन पहले सोनी की शादी फरीदाबाद से तय हो गयी थी।

# कौशांबी: गंगा नदी में एक ही परिवार के चार लोग डूबे

**टीम एक्शन इंडिया**
**कौशांबी: जनपद** में कड़ाधाम के गंगा घाट कुबरी पर सोमवार को स्नान करने नदी में उतरे एक परिवार के चार लोग डूब गए। पुलिस ने गोताखारों की मदद से दो लोगों को बाहर निकाल लिया, जिसमें एक अधेड़ की अस्पताल में मौत हो गई। नदी में डूबे दो अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। परिजन चंद्रकांत के मुताबिक, कड़ाधाम के दारानगर वार्ड नंबर 14 रामनगर निवासी मनमोहन मिश्रा का निधन 10 दिन पहले हो गया था। परिवार का बेटा जयकृष्ण मिश्रा अपने बेटे शिखर मिश्रा व भाई जय जनार्दन मिश्रा व उनका बेटा छोटू मिश्रा के साथ गंगा नदी किनारे घाट कुबरी पर



तर्पण क्रिया करने गए थे। तर्पण क्रिया के बाद परिवार के लोग नदी घाट पर स्नान करने नदी में उतर गए। अचानक जेके मिश्रा का पैर नदी में फिसल गया। वह डूबने लगे। शोरगुल सुनकर साथ नहा रहे, परिजन उन्हें बचाने की कोशिश की। देखते ही देखते पूरा परिवार नदी की धारा में बहने लगा। जब तक राहत एवं बचाव की मदद पहुंचती पूरा परिवार नदी में डूब गया। स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना देकर बचाव कार्य शुरू किया। गोताखोरों ने जेके मिश्रा का शव बरामद कर लिया है। उनके बेटे शिखर मिश्रा को सकुशल नदी से बाहर निकाला गया है, जबकि भाई जय जनार्दन मिश्रा व उनका बेटा छोटू मिश्रा लापता है।

सर्किल अफसर अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि परिजन परिवार के मनमोहन मिश्रा की 10 दिन पहले निधन हो गया था, जिसका आज शुद्ध का कार्यक्रम गंगा नदी घाट पर किया जा रहा था। परिवार के लोग तर्पण के बाद स्नान करने लगे। जिसमें जनार्दन की डूबने से मौत हो गई है। उनका बेटा सकुशल बचा लिया गया, जबकि दो अन्य परिवार जन लापता है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# मथुरा से यूपीसीसीएससीआर परीक्षा में तीन फर्जी अभ्यर्थी पकड़े

## संस्कृति यूनिवर्सिटी से दो, एक बीएसएस कॉलेज से दबोचा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** एनटीए द्वारा आयोजित यूपी सिविल कोर्ट स्टाफ सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट परीक्षा 2024-25 में तीन फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया। दो संस्कृति यूनिवर्सिटी से जब कि एक को बीएसएस कॉलेज से परीक्षा देते समय दबोचा गया। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता मथुरा के नेतृत्व मे गठित टीम ने पांच जनवरी को आयोजित परीक्षा में शाम चार बजे परीक्षा के दौरान अभियुक्त सौरभ पुत्र पुत्र राजनलाल निवासी तानपुर खानपुर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश एवं दीपक कुमार पुत्र हरिओम निवासी अनवारा पोस्ट टूंडला जनपद फिरोजाबाद को संस्कृति यूनिवर्सिटी छाता जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त क्रमशः आवेदक प्रशान्त कुमार पुत्र महेशचन्द निवासी सराय घिरनी थाना सासनीगेट जिला अलीगढ व आवेदक अक्षय पुत्र निहाल सिंह निवासी बुढाना बुधना थाना ताजगंज आगरा के स्थान पर यूपी सिविल कोर्ट स्टाफ सेन्ट्रालाईज्ड रिक्रुटमैन्ट 2024-25 की परीक्षा देने आये थे। जिनके द्वारा फर्जी एडमिट कार्ड व फोटो व फर्जी दस्तावेज का प्रतिरूपण किया गया था। वहीं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देवपाल सिंह पुंडीर द्वारा मय यूके त्रिपाठी (केन्द्र व्यवस्थापक) बीएसए कॉलेज मथुरा व बायोमेट्रिक एजेन्सी सदस्य शुभम तरकर मय टीम के परीक्षा में द्वितीय पाली के दौरान बायो मैट्रिक चैकिंग के दौरान अभियुक्त अजय यादव पुत्र मुन्नेश निवासी गुंदाऊं थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद को बीएसए कालेज से समय करीब साढे चार बजे गिरफ्तार किया गया।

## दान और रसीद बुक को लेकर कर्मचारी रफू चक्कर

# कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर मामले में एसएसपी के आदेश पर एफआईआर

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर एक बार फिर सुर्खियों में है। एक बार फिर मंदिर का कर्मचारी मिलने वाले दान और उसकी रसीद बुकों को लेकर रफू चक्कर हो गया है। दान में मिली रकम करोड़ों में बताई जा रही है। मंदिर के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर ने शिकायत की है। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली में नामजद कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है। इस्कॉन मंदिर के मेंबर शिप डिपार्टमेंट में कार्यरत मुरलीधर दास पुत्र निमाईचंद यादव निवासी श्रीराम कॉलोनी, राऊगंज



वासा, इंदौर, मध्य प्रदेश हाल निवासी ओवरब्रिज के पास, छटीकरा, थाना जैत को दान दाताओं को दान रसीद देने के लिये नियुक्त किया गया था। आरोप है कि मुरलीधर ने इस्कॉन के खाता से 32 रसीद बुकें लेकर अपने पास रख लीं और दान दाताओं द्वारा दी गई करोड़ों रुपये को हड़प लिया। रसीद बुकों और दान में मिले रुपयों को लेकर वह मंदिर छोड़कर भाग गया।

# कार मैकेनिक की ईंट से कूंचकर हत्या, घटनास्थल से मिले अहम सुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर: बिधनू** थाना क्षेत्र के रमईपुर स्थित ऑटो बैट्री चार्जिंग पॉइंट की दुकान के अंदर सोमवार की सुबह 35 वर्षीय कार मैकेनिक की ईंट से कूचकर कर हत्या कर दी गई। जब सुबह ई-रिक्शा चालक अपना रिक्शा लेने के लिए पहुंचा तो उसने मिस्त्री का शव लहूलुहान अवस्था में देखकर इसकी जानकारी दुकान मालिक को दी। घटना की सूचना पर पुलिस उपायुक्त दक्षिण और एसीपी घाटमपुर पहुंचकर पड़ताल की। घटनास्थल से गिलास शराब की



बोतल और पानी के पाउच मिले हैं, जिसे फोरेंसिक टीम ने अपनी जांच में शामिल किया है। जाजमऊ इलाके में रहने वाला 38 वर्षीय मोहम्मद शादाब उर्फ सोनू उरियाना स्थित न्यू अवतार मोटर्स में कार मिस्त्री का काम करता था। रात में देर हो जाने की वजह से वह अक्सर रमईपुर स्थित आवास विकास के रहने वाले रवि शंकर गुप्ता की निमार्णाधीन मार्केट में बनी चार्जिंग पॉइंट में सो जाता था। रविवार की रात भी वह घर ना जाकर चार्जिंग पॉइंट की दुकान में सो गया। सोमवार सुबह कुल्हौली का रहने वाला विजय नाम का चालक अपना ई-रिक्शा लेने पहुंचा तो उसने देखा कि शादाब का शव लहूलुहान अवस्था में चारपाई पर पड़ा हुआ था। उसने इस घटना की सूचना रवि शंकर गुप्ता को दी।




फास्ट न्यूज

## नक्सलियों ने पत्रकार की हत्या की कड़ी निंदा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीजापुर:** नक्सलियों के दक्षिण सब जोनल के प्रवक्ता समता ने आज सोमवार को पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर एक प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें नक्सलियों ने पत्रकार की हत्या की कड़ी निंदा की है और खेद भी व्यक्त किया है। इसके साथ ही पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले पर कहा है कि मुकेश चंद्राकर हत्याकांड में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस मामले की गहनता से जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस मयंक गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। हम मामले की स्पीडी ट्रायल के लिए पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा है कि हत्या का सरगना कांग्रेस नेता सुरेश चंद्राकर है वह कांग्रेस प्रदेश का पदाधिकारी है।

## मुठभेड़ में एक और नक्सली का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को ढेर कर मौके से सभी चार नक्सलियों के शव और एके 47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार बरामद किए थे। इस अभियान में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिले की डीआरजी और एसटीएफ के जवान अब भी मौके पर ही मौजूद हैं और इलाके की सर्चिंग कर रहे हैं। सर्च अभियान के दौरान एक और नक्सली के शव आज सोमवार को बरामद किया गया है। अब तक दो महिला नक्सली सहित कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

# शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता हैं गुरु गोबिंद सिंह : सीएम

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए



आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और

**नमन किया**

**गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया: सीएम योगी आदित्यनाथ**

टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

**गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया**

सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश  बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है।

वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता।

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मुख्य आरोपित सुरेश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर को एसआईटी ने रविवार देर रात हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित सुरेश पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर का चचेरा भाई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में दो सगे भाइयों सहित तीन आरोपित पहले ही पकड़े जा चुके हैं। सुरेश चंद्राकर पेशे से ठेकेदार है और राजनीति से भी जुड़ा हुआ है। आरोप है कि मुकेश चंद्राकर ने ठेकेदार की भ्रष्टाचार की खबर बनाई थी, इसी बात से नाराज मुख्य आरोपित सुरेश ने मुकेश की हत्या करवा दी। सुरेश ने अपने बैडमिंटन कोर्ट परिसर में खाने के बहाने बुलाकर अपने भाई और सुपरवाइजर के हाथों पत्रकार मुकेश की हत्या करवा दी थी। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश चंद्राकर को पुलिस लगातार ट्रेस कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि वह हैदराबाद की तरफ भागा है। हैदराबाद से कुछ ही दूर पहले एक वाहन को पुलिस ने रोका, जिसमें सुरेश चंद्राकर की पत्नी और चालक मौजूद थे। इस वाहन को छोड़कर मुख्य आरोपित सुरेश भाग चुका था। इसके बाद पत्नी से पूछताछ करते हुए पुलिस को सुरेश से जुड़े अहम सुराग मिले, जिसके बाद मुख्य आरोपित सुरेश को भी पकड़ लिया गया।

## गुरू गोबिंद सिंह की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के गौरव की रक्षा तथा मूल धर्म की स्थापना के लिए अपने चार साहिबजादों और परिवार का जो बलिदान दिया उसके लिए संपूर्ण राष्ट्र नतमस्तक है। देश के स्वाभिमान और संस्कृति को विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अपने परिवार को कुर्बान कर देने वाली गुरू गोबिंद सिंह की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी है। गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर यह बताया कि देश और संस्कृति के लिए हथियार उठाकर बहादुरी के साथ लड़ना जरूरी है। धर्म, संस्कृति और इतिहास को बचाने का उनका प्रयास सम्पूर्ण विश्व के

**टेका मत्था**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरू गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारे में टेका मत्था**

सामने एक प्रभावी, अतुलनीय और अद्भुत उदाहरण है। हर युग और हर काल में उनकी शहादत याद रखी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सिखों के 10वें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड में मत्था टेकने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

## भरतपुर, दौसा और अलवर जिले की स्कूलों में शीतकालीन अवकाश बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी के एक बार फिर जोर पकड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने शीतलहर, कोहरे और बारिश के एक नए दौर का अलर्ट जारी किया है। इस चेतावनी के मद्देनजर भरतपुर, दौसा और अलवर जिलों में शीतकालीन अवकाश बढ़ा दिया गया है। इन जिलों के जिला कलेक्टरों ने आदेश जारी कर यह निर्णय लिया है। दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए 7 जनवरी को अवकाश घोषित किया है। हालांकि, स्कूल स्टाफ अपने नियमित कार्यों के लिए उपस्थित रहेगा। कलेक्टर ने बताया कि शीतलहर और ठंड के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

अलवर जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने जिले में संचालित सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए 7 से 11 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है।




समावेशी विकास | बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र राज्य की विकास यात्रा में बनेंगे भागीदार: भजनलाल शर्मा

# बैंक राज्य की विकास यात्रा में बनेंगे भागीदार: भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अमृत कालखंड- विकसित राजस्थान 2047 के तहत पांच वर्षों की कार्य योजना बनाकर सर्वजन हितायह्य आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना के तहत भविष्य के लिए दस संकल्प निर्धारित किए गए हैं। इन संकल्पों में बुनियादी ढांचे का विकास करना और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर पर पहुंचाना भी शामिल हैं। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ राज्य सरकार के दो एमओयू हस्ताक्षर करने के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इन एमओयू के



अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा अगले छह वर्षों यानी 31 मार्च 2030 तक, प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेगा। इसके साथ ही, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी प्रति वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराएगा। यह धनराशि राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर आधारभूत ढांचा क्षेत्र जैसे बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपयोग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे देश के प्रतिष्ठित बैंक अब राजस्थान की विकास यात्रा में भागीदार बनने जा रहे हैं। हमारे प्रदेश के आधारभूत ढांचे को सशक्त करने की दिशा में बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का यह सहयोग एक बड़ा कदम है और आज का यह समझौता प्रदेश के बुनियादी ढांचे की मजबूती में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बैंकों की व्यक्तिगत विकास तथा राज्य और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आमजन को उनकी सेवाओं का अधिकतम लाभ मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अनुसार बेहतर कल के लिए हमें आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए। प्रधानमंत्री जी की इस सीख को आत्मसात करते हुए हम प्रदेश के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ कर रहे हैं।

हमने नवीकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता 2029-30 तक बढ़ाकर 125 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा है।

